

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 5 जून 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-068 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112




## समर्थन के बदले टीडीपी को चाहिए बड़े मंत्रालय


**नई दिल्ली,5 जून।** लोकसभा चुनाव-2024 का परिणाम आ चुका है। केंद्र की सत्ता में इस बार जनता ने किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं दिया है। भाजपा 240 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है, लेकिन बहुमत का आंकड़ा 272 है। भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 292 सीटों के साथ बहुमत हासिल करने में सफल रहा है। टीडीपी भी एनडीए का हिस्सा है और उसने लोकसभा चुनाव में 16 सीटें जीती हैं। इस तरह केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व वाली अगली सरकार बनाने में चंद्रबाबू नायडू की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो जाती है। वहीं टीडीपी पर इंडिया अलायंस भी डोरे डाल रही है और कांग्रेस टीडीपी अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू के लगातार संपर्क में हैं। वहीं सूत्रों से पता चला है कि टीडीपी से समर्थन के बदले में बीजेपी को महंगी कीमत चुकानी पड़ सकती है। टीडीपी समर्थन के एवज में बीजेपी से 5-6 मंत्रालय मांग सकती है। सूत्रों के मुताबिक टीडीपी लोकसभा अध्यक्ष पद समेत सड़क एवं परिवहन मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और राज्य वित्त मंत्रालय मांग सकती है। सूत्रों से पता चला है कि टीडीपी और बीजेपी के बीच इसके लिए बातचीत भी शुरू हो गई है।

# 8 जून को नरेन्द्र मोदी ले सकते हैं तीसरी बार शपथ

**नई दिल्ली,5 जून।** लोकसभा चुनाव रिजल्ट के बाद देश के साथ-साथ बिहार में भी सियासी हलचल तेज हो गई है। लोकसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत मिला है और तीसरी बार सत्ता बनाने जा रहा है। नई सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख और समय भी बीजेपी की तरफ से फिक्स हो गया है। सूत्रों से पता चला है कि पीएम मोदी आज एनडीए की होना वाली बठक के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मिल सकते हैं।इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार गठन का समर्थन पत्र राष्ट्रपति मुर्मू को सौंप सकते हैं। वहीं 8 जून को नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ ले सकते हैं। दिल्ली में आज शाम 4 बजे एनडीए की बैठक है। इसमें जदयू प्रमुख नीतीश कुमार, टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू समेत अन्य नेता शामिल होंगे। एनडीए के सहयोगियों से बातचीत के बाद बीजेपी संसदीय बोर्ड की बैठक होगी। इसमें सरकार के गठन और शपथ ग्रहण की रूपरेखा पर चर्चा होगी। इसमें शामिल होने जदयू प्रमुख नीतीश कुमार बुधवार सुबह दिल्ली पहुंच गए हैं। चंद्रबाबू नायडू भी दोपहर तक दिल्ली पहुंच सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक कप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह 8 जून की शाम को हो सकता है। इसे लेकर तैयारियों पर मंथन तेज हो गया है। नए मंत्रिमंडल में चेहरों को लेकर सहयोगी दलों से बातचीत और बैठकों का दौर भी तेज हो गया है। संभव है कि दो-तीन दिन में नामों को फाइनल कर लिया जाएगा। बता दें कि एनडीए सांसदों की बैठक 7 जून को संसद भवन में दोपहर 2.30 बजे होगी। इस मीटिंग में एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम और विभिन्न पार्टी के अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। इसके अगले दिन यानी 8 जून को नरेंद्र मोदी तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। ये शपथ ग्रहण कार्यक्रम शाम को 7 से 8 बजे के बीच हो सकता है।

### उद्धव ठाकरे ने इंडी गठबंधन की बैठक से किया किनारा

**मुंबई,5 जून।** लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद छोटे सहयोगी दलों की निकल पड़ी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एनडीए की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं। वहीं, टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू भी दोपहर तक दिल्ली आने वाले हैं। इस बीच सबसे बड़ी खबर महाराष्ट्र से आ रही है। शिवसेना (यूबीटी) चीफ ने परिणाम सामने आने के बाद अपनी रणनीति बदल ली है। वह इंडिया गठबंधन की आज शाम दिल्ली में होने वाली बैठक में शामिल नहीं होंगे। वहीं, महाराष्ट्र से एक और बड़ी खबर यह है कि एनसीपी चीफ अजीत पवार भी एनडीए की बैठक से किनारा कर लिया है। हालांकि, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जरूर दिल्ली में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए मुंबई से आ रहे हैं। आपको बता दें कि इंडिया गठबंधन में शामिल शिवसेना (यूबीटी) के 9 सांसद हैं। वहीं, एकनाथ शिंदे की शिवसेना के सात सांसद जीतकर संसद पहुंचने वाले हैं। अगर दोनों गुट फिर एकजुट हो जाता है तो दोनों के 16 सांसद हो जाएंगे।



## मोदी ने राष्ट्रपति को सौंपा इस्तीफा

**नई दिल्ली,5 जून।** पीएम मोदी ने इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति भवन पहुंचे हैं। पीएम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंपकर 17वीं लोकसभा बंद करने की सिफारिस की है। साथ ही 18वीं लोकसभा के लिए नई सरकार बनाने का दावा पेश किया है। प्रधानमंत्री एभी राष्ट्रपति भवन पहुंचे हैं। वह राष्ट्रपतिको अपना इस्तीफा सौंपने वाले हैं। साथ ही वह 17वीं लोकसभा भंग करने की अनुशंसा का पत्र भी सौंपेंगे। पीएम मोदी दिल्ली में एनडीए की होने वाली बैठक से पहले राष्ट्रपति मुर्मू को लोकसभा भंग होने की औपचारिक जानकारी देंगे। बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को 294 सीटों के साथ बहुमत मिला है। ऐसे में एनडीए की सरकार बनने की प्रबल संभावना है। बता दें कि दिल्ली में आज शाम 4 बजे एनडीए की बैठक है। इसमें जदयू प्रमुख नीतीश कुमार, टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू समेत अन्य नेता शामिल होंगे। एनडीए के सहयोगियों से बातचीत के बाद बीजेपी संसदीय बोर्ड की बैठक होगी। इसमें सरकार के गठन और शपथ ग्रहण की रूपरेखा पर चर्चा होगी। इसमें शामिल होने जदयू प्रमुख नीतीश कुमार बुधवार सुबह दिल्ली पहुंच गए हैं। चंद्रबाबू नायडू भी दोपहर तक दिल्ली पहुंच सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक कप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह 8 जून की शाम को हो सकता है। इसे लेकर तैयारियों पर मंथन तेज हो गया है। नए मंत्रिमंडल में चेहरों को लेकर सहयोगी दलों से बातचीत और बैठकों का दौर भी तेज हो गया है। संभव है कि दो-तीन दिन में नामों को फाइनल कर लिया जाएगा।

## विमान के टॉयलेट में मिला करोड़ों का सोना

**नई दिल्ली,5 जून।** के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खड़े एक प्लेन के टॉयलेट से करोड़ों का सोना बरामद किया गया है. इसका वजन 5.9 किलोग्राम और कीमत करीब 3.83 करोड़ रुपए बताई जा रही है. कस्टम विभाग ने सोने को जब्त कर लिया है. सोने की तस्करी कहां से हुई है, इसकी जांच हो रही है. कस्टम विभाग के अफसरों ने गुप्त सूचना के आधार पर मुंबई से आए एक प्लेन की तलाशी ली तो उन्हें टॉयलेट में एक काले रंग का रबर का टुकड़ा मिला. इसके बाद जब उसकी जांच की गई तो वहां मौजूद सभी लोग दंग रह गए. उस रबर के टुकड़े के अंदर छह सोने की छड़ें छुपा कर रखी गई थीं. कस्टम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्लेन के अंदर 5.9 किलोग्राम वजन की छह सोने की छड़ें बरामद मिली है, जिनका टैरिफ मूल्य 3.83 करोड़ रुपए है. इसे भारत में तस्करी करके सीमा शुल्क का भुगतान किए बिना लाया गया है. लेकिन सोने की तस्करी कहां से हुई है, इसकी जांच चल रही है. बताते चलें कि विदेशों से बड़े पैमाने पर भारत में सोने की तस्करी की जाती है. तस्कर बहुत ही अजीबो-गरीब तरीके से सोने की तस्करी करते हैं. कई जूते में छिपाकर तो कई अपने प्राइवेट पार्ट तक में रखकर विदेश से सोना लाते हैं और कस्टम की नजर से बचते हुए तस्करी करने की कोशिश करते हैं. बीते दिनों ऐसा ही एक मामला केरल के कन्नूर एयरपोर्ट पर देखने को मिला था. यहां एअर इंडिया एक्सप्रेस की एक एयर होस्टेस के पास से करीब एक किलो अवैध सोना बरामद किया गया था. आरोपी एयर होस्टेस सोना मस्कट से कथित तौर पर अपने प्राइवेट पार्ट में छिपाकर ला रही थी.

## विमान में आगे-पीछे की सीट पर बैठे नीतीश-तेजस्वी

**पटना,5 जून।** लोकसभा चुनाव रिजल्ट के बाद देश के साथ-साथ बिहार में भी सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा और इंडिया अलायंस की नजरें जदयू के मुखिया नीतीश कुमार और टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू पर टिकी हुई है। इसी बीच बिहार सीएम नीतीश कुमार और राजद नेता तेजस्वी यादव बैठक में



शामिल होने के लिए फ्लाइट से दिल्ली रवाना हो गए हैं। फ्लाइट में दोनों एक दूसरे के आगे-पीछे बैठे। इस दौरान दोनों एक दूसरे को देखकर नमस्ते किया और मुस्कुराएं। अब वीडियो के बाहर आने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि ये महज सिर्फ संयोग है या एक प्रयोग है। क्या देश की राजनीति में कुछ बड़ा होने वाला है। बता दें कि दिल्ली में आज एनडीए और इंडी अलायंस की बैठक होने जा रही है। एनडीए की बैठक में शामिल होने सीएम नीतीश कुमार दिल्ली जा रहे हैं। वहीं विपक्षी इंडिया ब्लॉक की बैठक में शामिल होने के लिए तेजस्वी यादव भी दिल्ली आ रहे हैं। दोनों नेता एक ही फ्लाइट से दिल्ली आ रहे हैं। नीतीश सुबह 10.30 बजे की फ्लाइट से दिल्ली जा रहे हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने तेजस्वी यादव भी उसी फ्लाइट से दिल्ली के लिए उड़ान भर लिया है।

### मोदी ने सीएम योगी को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली,5 जून।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज जन्मदिन है. सीएम योगी का आज 52वां जन्मदिन है. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जन्म दिवस की बधाई दी है. इसके अलावा बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है. पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं. वह यूपी की प्रगति और गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं. मैं आने वाले समय में उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं.

### दामिनी एप गाज गिरने से पहले कर देगा सतर्क

**पुणे,5 जून।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी (आईआईटीएम) पुणे और मौसम विज्ञान विभाग ने मिलकर एक ऐसा एप्प बनाया है जो आपको बताएगा कि आपके चारों ओर 20 से 31 किमी के दायरे में गाज गिरने की संभावना है या नहीं। इस एप्प को दामिनी नाम दिया गया है। जिले में कुछ ही दिनों में बारिश का मौसम शुरू होने वाला है। बारिश के दिनों में गाज गिरने से कई बार बाहर काम कर रहे या फिर किसी पेड़ के नीचे ठहर जाने वाले चपेट में आ जाते हैं। इस तरह गिरने वाली आकाशीय बिजली की चपेट में बड़ी संख्या में जिले के लोग आ जाते हैं। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से न सिर्फ जन हानि होती है, बल्कि खेतों में चरने वाले मवेशी भी इसकी चपेट में आ जाते हैं। इससे जन धन दोनों की हानि होती है। गाज गिरने की संभावना से अलर्ट करने के लिए आईआईटीएम पुणे ने एक मोबाइल एप्प बनाया गया है, जिसे दामिनी नाम दिया गया है।




एक नजर

### चाकू से हमला ,दो गिरफ्तार



**भिलाई, 5 जून।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र चिंगरी पारा एक किशोर पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में एक अपचारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है आरोपितों ने पीड़ित को रविवार की रात को फोन किया था पीड़ित ने उनके फोन को नहीं उत्प्रया तो इसी बात पर आरोपितों ने इस वारदात को अंजाम दिया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि सोनार गली चिंगरी पारा सुपेला निवासी पीड़ित अमन साहनी (16) रात को अपने एक दोस्त के साथ अपने मोहल्ले में टहल रहा था इसी दौरान आरोपित राजेंद्सिन्हा उर्फ सोनू और एक नाबालिग ने उसे रास्ते में रोका आरोपितों ने कहा कि उन्होंने उसे रविवार की रात को फोन किया था तो उसने फोन क्यों नहीं उठाया पीड़ित ने बोला कि ज्यादा रात होने के कारण उसने फोन नहीं उठाया तो इसी बात पर आरोपितों ने उससे विवाद शुरू कर दिया आरोपितों ने चाकू निकालकर पीड़ित पर जानलेवा हमला कर दिया इसके बाद दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए पीड़ित ने सुपेला थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई इसके आधार पर आरोपितों के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी की गई पांच रास्ता सुपेला निवासी आरोपित राजेंद्र सिन्हा उर्फ सोनू (20) और उसके अपचारी साथी को गिरफ्तार किया गया आरोपित राजेंद्र सिन्हा उर्फ सोनू को जेल और अपचारी बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

### ताला तोड़कर घर में चोरी

**भिलाई, 5 जून।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र मकान में ताला जड़कर रायपुर गए परिवार के यहां चोरी हो गया है शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि शैल शुक्ला की दोनों बेटियां अयोध्या राम मंदिर देखने गई हुई थी घर पर पीड़िता अकेली होने के कारण मकान में ताला जड़कर रायपुर अपनी मौसी के घर गई हुई थी रायपुर से घर लौटने पर देखा तो मकान का ताला टूटा पड़ मिला सामान बिखरा पड़ा था अज्ञात ने आलमारी का ताला, लाकर से सोने का मंगलसूत्र, चांदी का पायल, बिछिया, चांदी का सिक्का, नगदी 3 हजार रुपए गायब मिले। इसके अलावा एलईडी, सेटअप बाक्स समेत अन्य सामान चोरी हो गया जिसकी कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है।

### महिला ने ट्रेन से कटकर दी जान

**भिलाई, 5 जून।** भिलाई घर से निकली एक महिला ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है परिजनों ने शव को देख शिनाख्त किया है शव को सुपेला मरचुरी पीएम के लिए भेज दिया गया है मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है भिलाई -3 जीआरपी टीआई राजकुमार बोर्झा ने बताया कि भिलाई - 3 रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1 के अंतिम छोर पर शांति नगर मुक्ता सिनेमा के पीछे रहने वाली महिला सरिता ठाकरे 45 वर्ष ने सुपर फास्ट ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह 5.30 बजे के करीब सरिता गांधी नगर की ओर बने रेलवे के ओएचई आफिस के सामने खडी मिली जिसे रेल पटरी के किनारे खड़ी देख लोगों ने उसे पटरी से दूर हटने की सलाह दी सरिता ने फिर प्लेटफार्म नंबर 1 की ओर चली गई। तब तक समता सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन दुर्ग से रायपुर की ओर तेज रफ्तार से जा रही थी महिला ने अचानक ट्रेन के सामने छलांग लगा दी मौके पर ही उसकी मौत हो गई परिजनों ने जब सरिता ठाकरे अपने घर पर नहीं मिलने पर उसकी खोजबीन शुरू किया। उन्हें जानकारी मिली की ट्रेन से कटकर महिला ने आत्महत्या किया। परिजन तुरंत पतासाजी करने लगे और जीआरपी थाना पहुंचें मोबाइल फोन पर शव देख शिनाख्त किया आत्महत्या का कारण अभी अज्ञात है।

### अमानत में ख्यानत,युवक गिरफ्तार


भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र लोगों से अमानत में खयानत करने वाले वाला फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 406 के तहत जुर्म दर्ज किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि जना स्माल फायनेंस के नाम पर 40 ग्राहकों को मासिक किस्त की रकम को बैंक कैशियर के पास जमा नहीं किया शिकायात के बाद पुलिस ने मिलपारा दुर्ग निवासी जयेश चौहान को पकड़ा गया है। आरोपी 1 लाख 240 रुपए जमा न कर रुपए लेकर फरार हो गया था पुलिस हरकत में आई और उसकी खोजबीन में जुटी रही आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना करना स्वीकार किया।

### रावभाट भट्ट समाज की वर्षगांठ 9 जून को मनाई जाएगी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राव भट्ट / ब्रह्मभट्ट समाज जिला राजनांदगांव का वर्षगांठ 9 जून दिन रविवार को शंकरपुर, शीतला मंदिर जिला राजनांदगांव में मनाया जाएगा। राजनांदगाँव जिला इकाई अध्यक्ष श्रवण कुमार भाट ने बताया कि कार्यक्रम में पदाधिकारी द्वारा शिक्षित युवा पीढ़ी का सम्मान, मातृ शक्तियों का सम्मान,युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्रीमती गीता घासी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, शिव वर्मा पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका निगम होंगे।पदाधिकारी गण श्रवण कुमार भाट अध्यक्ष, हुब लाल राव उपाध्यक्ष, ललित कुमार भट्ट कोषाध्यक्ष, सोमन भट्ट सचिव, पप्पू भट्ट मिडिया प्रभारी, बलराम भट्ट प्रचार मंत्री,बंशीलाल भट्ट सलाहकार सहित सामाजिक बंधुओ ने कार्यक्रम की व्यापक तैयारी में जुट गए है।

# उपमुख्यमंत्री ने भाजपा की शानदार जीत के लिए जनता का जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 5 जून।** उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोकसभा चुनाव के नतीजों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को स्पष्ट बहुमत देकर जनता जनार्दन ने एक बार फिर राष्ट्र की बागडोर महानायक नरेंद्र मोदी को सौंपने का आदेश दिया है। माननीय मोदी जी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रचेंगे।

उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 में से 10 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की शानदार और ऐतिहासिक जीत पर मतदाताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने लिखा है, ÷छत्तीसगढ़ की जनता को कोटि कोटि नमन है, जिन्होंने भरपूर आशीर्वाद देते हुए प्रदेश की 11 में से 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर भाजपा और मोदी जी पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। पिछले चुनाव में हमें 9 सीटें मिली थीं, हमारे केंद्रीय नेताओं के कुशल मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से हमने न केवल अपनी सभी सीटें बरकरार रखीं, बल्कि उसमें एक और बढ़ोतरी कर ली।

उन्होंने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इतिहास बनाया है आजाद भारत में केवल दूसरी बार हुआ है कोई व्यक्ति लगातार तीसरी बार सरकार बना रहे हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व का परिणाम है लगातार तीसरी बार की जीत



**भिलाई, 5 जून।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने देश में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी सरकार बनने पर हर्ष जताते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व का परिणाम है, वहीं प्रदेश में 10 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और कार्यकर्ताओं की जी तोड़ मेहनत के दम पर हमने यह सफलता प्राप्त की है। पांडेय ने देश-प्रदेश की करोड़ों जनता को शुभकामनाएं दीं जिन्होंने विकास पर मुहर लगाते हुए भाजपा की सरकार बनाई है। पांडेय ने सभी विजेता प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी है।



## सार्वजनिक शिव मंदिर में मनाया गया पर्यावरण दिवस

**भिलाई, 5 जून।** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में प्रगति नगर के सार्वजनिक शिव मंदिर में योग प्रशिक्षक प्राची भट्टाचार्य के तत्वाधान में सभी योगार्थियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाएं साथ ही अपने परिवार की तरह पौधे का ख्याल रखें।

## पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कार के लिए 18 जून तक आवेदन

**दुर्ग 5 जून ।** भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत ''पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री'' पुरस्कारों के लिए वर्ष 2025 हेतु पात्र व्यक्तियों से ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव ीजजचरूध्ध्ंूंतकेण्हवअण्पद पर आमंत्रित किया गया है। वर्ष 2025 में ''पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री'' पुरस्कार प्रदान करने हेतु निर्धारित पात्रता एवं मापदण्ड के अनुरूप 18 जून 2024 तक आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किया गया है। पद्म पुरस्कार देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है।

यह पुरस्कार उत्कृष्ट कार्य करने वाले जैसे-कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों सेवा के लिए प्रदाय किया जाता है, कोई भी व्यक्ति किसी जाति, व्यवसाय हैसियत या लिंग के भेदभाव के बिना इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नि:शुल्क दिए जाएंगे पौधे



**भिलाई, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई वृक्षारोपण करने वाले सभी पर्यावरण मित्रों को एवं आम नागरिकों को निशुल्क रूप से पौधे उपलब्ध करायेगी। नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर कुसुम कानन नर्सरी में जाकर पौधा प्राप्त कर सकते हैं। एक पत्र उद्यान अधिकारी के नाम से देना होगा उसी के अनुरूप आपको पौधे मिल जाएंगे। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने नागरिकों से अपील की है पर्यावरण असंतुलन एवं बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए वृक्ष ही एक सहारा है जो हमें बचा सकता है। नगर निगम भिलाई द्वारा जो लोग वृक्ष लगाना चाहते हैं उन्हें सभी प्रकार के पौधे उपलब्ध करायेगे। परन्तु यह भी सत्य है की वृक्ष लगाने से ज्यादा पौधो को लगाते समय उसका रखरखाव किया जाना आवश्यक है। नगर निगम के उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू ने बताया की नगर निगम के प्रियदर्शिनी परिसार जोन-1, जोन-2 में ट्रेंचिंग ग्राउण्ड, ढ़ौर तालाब आदि स्थान पर वृक्षारोपण किये जायेंगे, जिसमें सभी जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण मित्र एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में वृक्षारोपण सुबह 9 बजे से होगा।



## छत्रपति शिवाजी महाराज उद्यान में लगाए पौधे

**भिलाई, 5 जून।** वृक्षारोपण दिवस के शुभ अवसर पर गणपति विहार फीलगुड स्ट्रीट के गणमान्य नागरिकों ने स्थानीय छत्रपति शिवाजी महाराज उद्यान में वृक्षारोपण किया। सुविख्यात समाजसेवी खेमराज मध्यानी के निर्देशन एवं सिंधी समाज के मुखी जय कुमार अम्बवानी के संयोजकत्व में आयोजित इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शपथ ली कि भविष्य में पर्यावरण की रक्षा करने के लिए हर संभव प्रयास सामूहिक रूप से करेंगे । इस अवसर पर कॉलोनी के पुरुष एवं महिलाओं ने वृक्षारोपण किया।

बधाई



**जामुल।** नगर पालिका जामुल के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद रेखराम बंछोर सहित भाजपा पार्षद और कार्यकर्ताओं ने सांसद विजय बघेल को धमाकेदार जीत पर हार्दिक बधाई दी ।

### शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, सामान जलकर राख

**कोरबा, 5 जून ।** कटघोरा नगर पालिका के वार्ड नंबर चार मेला ग्राउंड के महिला बाल विभाग की कर्मचारी मरावी के घर में रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई। इसकी सूचना आसपास के पड़ोसियों ने कटघोरा थाना व नगर पालिका के दमकल विभाग को दी।

सूचना पर स्थल पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा काफी सामान कर राख हो गया।आग लगने का कारण शार्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर नेउरगावखुर्द में किया गया पौधरोपण

**कवर्धा।** नेउरगाव खुर्द में युवा मुट्ठी संगठन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम कुलदेव ठाकुरदेव जी महाराज के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया । समस्त ग्राम युवा शामिल रहे ।

# वर्षा का पानी बड़े नालों में जाने के लिए कच्ची नालियों का निर्माण

**भिलाई, 5 जून।** आगामी बरसात के दिनो को देखते हुए नगर निगम भिलाई क्षेत्र में कुछ ऐसे क्षेत्र है जहां पर पानी का बहाव ठीक ढंग से बड़े नालो तक नहीं हो पाता है ऐसी जगहो के लिए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जोन आयुक्तों को आवश्यकता को देखते हुए कच्ची नाली निर्माण करने का भी निर्देश दिया है। कुछ जगहों पर कच्ची नाली का निर्माण किया जा रहा है जिससे सुचारू रूप से वर्षा का जल बड़े नालों में जा सके। निचली बस्तियों में जल भराव न हो साथ ही नालियों के ऊपर हुए अतिक्रमण को नगर निगम भिलाई द्वारा नियमित रूप से तोड़ा एवं खाली कराया जा रहा है। कुछ जगहों पर स्थानीय निवासियों द्वारा सहयोग किया जा रहा है, कुछ जगहों पर अवैध कब्जाधारियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। नगर निगम का दस्ता एक रूप से सभी अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही कर रहे हैं। निगम आयुक्त ने सब से सहयोग की अपील की है। निगम द्वारा चलाया जा रहा अभियान का उद्देश्य है कि बरसात का पानी कहीं जमाव न हो। सीधे नालों के माध्यम से आगे निकल जाये। इसी के साथ ही वार्ड क्र. 4 करुणा अस्पताल के पीछे तेल्हा नाला की सफाई भी चैन माउंटिंग से की जा रही है। सभी क्षेत्रों का पानी जा करके तेल्हा नाला में मिलता है वह



साफ हो जायेगा तो पानी का बहाव अच्छा होगा। वार्ड क्र. 23 नाली के ऊपर स्लेब हो हटाया गया। वार्ड क्रं. 13 लक्ष्मी नगर नारायण विला के पास मुख्य नाला में चैन एक्सावेटर मशीन द्वारा सफाई भी किया जा रहा है।



## कलेक्टर ने सौंपा विजय बघेल को जीत का प्रमाणपत्र

**भिलाई, 5 जून।** चार लाख से भी अधिक मतों से जीते विजय बघेल ने मतगणना स्थल श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय पहुंचकर कलेक्टर से विजयी होने का प्रमाण पत्र लिया। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने इस जीत के लिए इस भीषण गर्मी में जी जान लगाकर भाजपा को जिताने वाले कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत केन्द्र में मोदी सरकार द्वारा पिछले दस सालों में कराये गये अभूतपूर्व विकास का और छग में राज्य सरकार द्वारा की जा रही मोदी की गारंटी का परिणाम है जो इतने अधिक मतों से मैं चुनाव जीत पाया।

# एनसीसी कैडेटों ने चलाया सिकलसेल व थैलेसीमिया जागरूकता अभियान




**भिलाई, 5 जून।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी एसडी कैडेटों ने सिकल सेल व थैलेसीमिया जागरूकता अभियान चलाया। सर्वप्रथम सेक्टर 7 में महाविद्यालय से रैली निकाली गयी जो सिकलसेल थैलेसीमिया जागरूकता हेतु सड़क नंबर एक से लेकर 5 तक तथा सड़क नंबर 21 से लेकर 25 तक व सेक्टर 7 मार्केट में लोगों को व मैदान में खिलाड़ियों को जागरूक किया। रैली के बीच विभिन्न घर के लोगों से भी संपर्क किया व 100 से अधिक परिवार के लोगों को उन्होंने सिकल सेल व थैलेसीमिया से कैसे बचा जा सकता है। भविष्य में जो नवजात जन्म लेगा उसको इस बीमारी से कैसे बचाया जा सकता है। एक परिवार के ऊपर इस बीमारी के इलाज के लिए लाखों रुपए जो खर्च होते हैं, उसको कैसे बचाया जा सकता है। इस संदर्भ में लोगों को जागरूक किया व युवा वर्ग को रक्त परीक्षण की अनिवार्यता के विषय में बताया । उन्होंने ने लोगों को बताया कि वर-वधू दोनों में से अगर दोनों ही रक्त परीक्षण में सिकल सेल पॉजिटिव आते हैं तो इस स्थिति में उन्हें विवाह नहीं करना चाहिए, किसी एक का रक्त परीक्षण नेगेटिव होना जरूरी है ताकि आने वाले बच्चे पर इस बीमारी का कोई प्रभाव न पड़े । इस जागरूकता अभियान का निर्देशन महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप के निर्देशन में एसयूओ जय कुमार जेयूओ भावेश कुमार, एसजीटी उमेश, कैडेट सोमदत्त, पुष्पेंद्र, अर्पित यादव, हरीश मोटघरे, हंसराज, रोहन सिन्हा, घनश्याम गिरीराज युगल किशोर आदि छात्र सैनिकों ने अपना अमूल्य योगदान दिया।

# 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनधारियों का नगर निगम करा रहा है सत्यापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 5 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 80 वर्ष से अधिक उम्र के सामाजिक सुरक्षा के तहत वृद्धा पेंशन प्राप्त कर रहे हैं उनके सत्यापन के लिए नगर निगम भिलाई के जोन सुपरवाइजर, शहरी आजीविका मिशन की सी.ई.ओ. एवं आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता घर-घर जाकर परीक्षण कर रही है। संबंधित सभी 1711 हितग्राहियो के खाते में पेशन डी.बी.टी के माध्यम से अकाउंट बेस पे जा रहा है। कलेक्टर के आदेशानुसार आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर हितग्राही के घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। जिसमें हितग्राही से आधार कार्ड, बैंक पासबुक की कापी एवं राशन कार्ड की सत्यापित प्रति सहित वर्तमान स्थिति के फोटोग्राफ के साथ मांगा जा रहा है। जोन-5 के पेंशन सुपरवाईजर रेखराम भारती, जोन-4 के बोधन सिंह साहू, जोन-3 के दानी लाल मछिरके जोन-2 के अनुप सिन्हा, जोन-1 के संतोष हरमुख का कहना है की हम घरो में जाते है संबंधित हितग्राही घर में नहीं मिलते या तो गांव चले गये या घर छोड़ दिये हैं कोई भी वास्तविक जानकारी बताने वाला नहीं रहता यह भी देखने मे आ रहा है कि कुछ परिवार के सदस्य के लोग हितग्राही का एटीएम बना लिये हैं चोरी छिपे पैसा निकाल लेते हैं। मंतूराम बघेल बुजुर्ग बता रहे थे कि मेरे खाते मे पैसा नही आ रहा है चेक करने पे पता चला उनका छोटा बेटा एटीएम से पैसा निकाल लेता है। प्राप्त आदेशानुसार हम लोग घर घर जाकर संबंधित हितग्राही से मिल रहे हैं और परीक्षण कर रहे हैं। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी वृद्धा पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राही एवं उनके परिवार जनों से अपील की है कि अपने यहां के पेशनधारी ही वास्तविक जानकारी देवे जिससे उनका पेंशन डी.बी.टी के माध्यम से खाते में निरंतर जाती रहे।


राष्ट्रीय शहीद मंगल पाण्डेय सेना
ॐ वन्दे मातरम् 1857 ॐ वन्दे मातरम्
माननीय बृजमोहन अग्रवाल जी
को रायपुर लोकसभा से
प्रचंड बहूमतो से विजयी होने पर
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रथम एतिहासिक छत्तीसगढ़ी फिल्म
घर द्वार1965
मोतीलाल साहू
विधायक, रायपुर ग्रामीण
नंद कुमार साहू
पुर्व विधायक, रायपुर ग्रामीण
योगेश तिवारी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सर्व हिन्दू सनातन संगठन
कृष्णा साहू
पूर्व पार्षद
पूर्व सरपंच, भनपुरी
जय प्रकाश पाण्डेय
राष्ट्रीय अध्यक्ष
राष्ट्रीय शहीद मंगल पाण्डेय सेना
मो.-9826108303, 9300008303
अनुराग पाण्डेय
अमित पाण्डेय
आदित्य पाण्डेय
मोंटी पाण्डेय
आशु पाण्डेय
जय प्रकाश पाण्डेय, जे.के. फिल्मस् रायपुर, लाईफ मेंबर ऑफ
इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर एशोसिएशन मुंबई, भारत।

संपादकीय

## भाजपा को नुकसान पर सरकार एनडीए की ही बनेगी

कोई खेल का मैच हो या कोई चुनाव हो, उसमें तारीफ तो जीतने वाले की ही होती है, यह स्वाभाविक भी लगता है। लेकिन यह भी सच है कि कुछ लोग विरोधी भी होते है, वह जीत की तारीफ करने की जगह जीत में ही मीनमेख निकालने लगते हैं। यह उनकी चिढ़ होती है कि मैच या चुनाव का रिजल्ट उनके मन मुताबिक नहीं आया, इसलिए वह हारन  वाले की तारीफ जीतने वाले से ज्यादा करने लगते हैं। इससे वह खुद ही एक्सपोज होते हैं कि यह तो सच कह नहीं रहा है। यह सच है कि पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्सा बढ़ाने के लिए बड़ा लक्ष्य दिया था अब की बार चार सौ पार. इसका मतलब यह नहीं थी वह मानकर चल रहे थे कि चार सौ ज्यादी सीटें आ ही जाएंगी। पीएम मोदी हर चीज बड़ा करने में यकीन रखते हैं। इसलिए उन्होंने जीत का लक्ष्य भी बड़ा रखा। बड़ा लक्ष्य हासिल होता है तो बड़ी सफलता भी हासिल होती है साथ ही बड़ी सफलता हासिल न हो तो सफलता तो हासिल होती है। यह सच है कि पीएम मोदी के लक्ष्य को पार्टी कुछ राज्यों में हासिल नहीं कर सकी। भाजपा को कुछ राज्यों में सीटों का नुकसान हुआ है। लेकिन भाजपा हो या एनडीए उसके नेता को नरेंद्र मोदी है, भाजपा जीते या एनडीए जीते जीत तो नरेंद्र मोदी की ही मानी जाएगी। यह कम बडी बात नहीं है कि इस देश में छह दशक के बाद कोई ऐसा नेता हुआ है जो तीसरी बार पीएम रहते हुए अपनी पार्टी को सबसे ज्यादा सीटे दिलाने के साथ ही अपने गठबंधन की सरकार बनाने में सफल रहा है। यानी साठ साल से जो काम देश के बड़े बड़े नेता नहीं कर सके थे,वह काम नरेंदर मोदी ने किया है। तीसरी बार लगातार अपनी सरकार बनाना बड़े से बड़े लोकप्रिय नेता के लिए संभव नहीं होता है, वह या तो दूसरी बार हार जाता है या तीसरी बार हार जाता है लेकिन पीएम मोदी दो बार जीतने के बाद तीसरी बार भी जीत कर एक नया रिकार्ड् बनाया है।आंकड़ों के मुताबिर एनडीए को 291, भाजपा को 240, इंडिया को 234 व कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। एक गठबंधन के नेता नरेंद्र मोदी और दूसरे गठबधन के अघोषित नेता राहुल गांधी है। नरेंद्र मोदी व राहुल गांधी की तुलना की जाए तो राहुल गांधी न तो अपनी पार्टी को ज्यादा सीटे जिता कर पाए न ही गठबधन को ज्यादा सीटे जिता पाए। वही मोदी ने अपनी पार्टी को सबसे ज्यादा सीटें जिताई हैं ओर गठबंधन को बहुमत दिलाकर सरकार बनाने जा रहे हैं। बड़ी सफलता यही है कि इस चुनाव में जनता ने सरकार बनाने का जनादेश किसको दिया है तो यह जनादेश तो फिर एक बार मोदी को मिला है, जनता ने राहुल गांधी को फिर एक सत्ता के लायक नहीं समझा है तथा विपक्ष की जिम्मेदारी निभाने को कहा है। पीएम मोदी देश के ऐसे नेता है जो न तो सीएम रहते कभी हारे और न ही पीएम रहते हारे हैं। चाहे वह सीएम रहें या पीएम रहें राज्य व केंद्र में उनकी ही सरकार बनी है। वह देश के अपराजेय नेता है, उनको कोई गुजरात में नहीं हरा सका और दिल्ली में भी कोई नहीं हरा सका है। वही राहुल गांधी तीन बार लगातार हारने वाले नेता है। वह भी एक ही नेता नरेंद्र मोदी से। राहुल गांधी व कांग्रेस कभी नहीं चाहते थे नरेंद्र मोदी जैसा गरीब घर का बेटा पीएम बने, लेकिन देश की जनता की पहली पसंद होने के कारण नरेंद्र मोदी दो बार पीएम बन चुके हैं तथा तीसरी बार बनने वाले हैं। लोकसभा चुनाव मं राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी व स्टालिन ऐसे नेता है जिन्होंने अपने राज्य या कुछ राज्यों में पार्टी को अच्छी सफलता दिलाई है। जहां तक यूपी में सफलता का सवाल है तो इसका पूरा श्रेय अखिलेश यादव को जाता है। उन्होंने सपा को भी जिताया और कांग्रेस को जिता कर उसकी इज्जत भी बचाई। लोकसभी के साथ कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव भी हुए तो इसमें भाजपा को अच्छी सफलता मिली है। ओडिशा, अरुणाचल में तो उसकी सरकार बनने जा रही है, आंध्र में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इस तरह लोकसभा के साथ ही भाजपा विधानसभा चुनाव में भी तीन राज्यों में सरकार बनाने में सफल रही है। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है तो साय सरकार ने यहां की दस सीटें जीतकर भाजपा की सीटों की संख्या में इजाफा किया है, इससे सीएम साय का राजनीतिक कद ऊंचा होगा। वहीं कांग्रेस नेता भूपेश बघेल राजनांदगांव सीट से चुनाव हार गए हैं तो इससे उनका राजनीतिक कद कम हो गया है कि वह न तो विधानसभा चुनाव में पार्टी को जिता सके न ही लोकसभा चुनाव में अपनी सीट जीत सके।

विश्व पर्यावरण दिवस विशेष

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

# बढ़ती मानवीय सुविधा बनी जलवायु परिवर्तन चक्र के लिए असुविधा



ग्लोबल वार्मिंग आज पूरी दुनिया में सजीवों के लिए सबसे ज्वलंत मुद्दा है, आधुनिकता ने ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को सबसे बड़े अभिशाप के रूप में बढ़ा दिया है। आज गर्मी के मौसम में बारिश हो रही है, बरसात के मौसम में गर्मी है, ठंड के मौसम में बारिश हो रही है। जिसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, घातक बीमारियों का साम्राज्य चरम पर पहुंच रहा है, असामयिक मौतों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, मौसम बिगड़ने का दूसरा सबसे बड़ा असर फसलों पर पड़ता है, ऊपर से कभी बाढ़ तो कभी अकाल की स्थिति पैदा हो जाती है। मंडियों में पर्याप्त अनाज भंडारण न होने के कारण हर साल लाखों टन अनाज बर्बाद हो जाता है, जिसका नुकसान किसानों को उठाना पड़ता है, शहरों में विकास के नाम पर पेड़ काटे जा रहे हैं और बचे-खुचे पेड़ भी जरा सी हवा में उखड़ जाते हैं, क्योंकि पेड़ों की जड़ों को पनपने के लिए पर्याप्त मिट्टी नहीं है, हर जगह सीमेंट का जंगल उग रहा है।

मनुष्य से अधिक संख्या में वाहन एवं यांत्रिक संसाधन बढ़ रहे हैं। मिलावट, खेती में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग, प्रदूषण, शोर, बढ़ता कचरा और इसके उचित प्रबंधन की कमी, घटते जंगल, औद्योगिक क्षेत्रों द्वारा नियमों की अवहेलना और लोगों की लापरवाही ने जलवायु चक्र को बाधित कर दिया है। सबसे ज्यादा परेशानी किसानों और गरीब तबके को हो रही है, इससे आर्थिक असमानता की खाई बढ़ती जा रही है। आज के लोग इस बात पर गहराई से विचार नहीं करते कि थोड़ी सी लापरवाही से बिगड़ते जलवायु चक्र का खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को कितना भुगतना पड़ेगा। पर्यावरण संरक्षण में प्रत्येक पशु-पक्षी का विशेष योगदान है। पृथ्वी पर मनुष्य ही एकमात्र ऐसा प्राणी है जो अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है।

वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 2021 में जलवायु जोखिमों की घटनाओं और संवेदनशीलता के मामले में भारत सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में 7वें स्थान पर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2030 से 2050 के बीच, जलवायु परिवर्तन के कारण हर साल कुपोषण, मलेरिया, दस्त और गर्मी के तनाव से अनुमानित ढाई लाख अतिरिक्त मौतें होने की आशंका है। बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र के स्तर में वृद्धि से तटीय कटाव, भूस्खलन, तूफान, बाढ़ और गर्मी की लहरें जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। पिछले कुछ समय से मौसम के बदलते मिजाज के कारण देश का सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इससे पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए भी बड़ा खतरा पैदा हो गया है। जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि उपज कम हो गई है और मलेरिया, डेंगू, हैजा, हीट स्ट्रोक, श्वसन संक्रमण और मानसिक तनाव जैसी बीमारियाँ बढ़ गई हैं। पिछले दशक में बाढ़ से देश को 3 अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है, जो वैश्विक आर्थिक नुकसान का 10% है, और गर्मी के तनाव से संबंधित उत्पादकता में गिरावट के कारण भारत 2030 तक 3.4 मिलियन नौकरियां खो देगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, भारत की प्राथमिक ऊर्जा मांग 2030 तक दोगुनी हो जाएगी। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2021 के अनुसार, 100 सबसे प्रदूषित शहरों में से 63 शहर भारत के हैं। वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक कचरा, चुल्हे का धुआं, निर्माण क्षेत्र, फसल अपशिष्ट जलाना और बिजली उत्पादन भारत में वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोत हैं, इससे हर साल वायुमंडल में 2.65 बिलियन मीट्रिक टन कार्बन का योगदान होता है। कोयला, तेल और




गैस वैश्विक जलवायु परिवर्तन में सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं, जो वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का 75 प्रतिशत से अधिक और सभी कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन का लगभग 90 प्रतिशत है। अब दुनिया किसी भी समय की तुलना में तेजी से गर्म हो रही है। इससे मनुष्यों और पृथ्वी पर मौजूद अन्य सभी जीवन रूपों के लिए कई खतरे पैदा होते हैं। प्रतिदिन लगभग 4 करोड़ लीटर सीवेज नदियों और अन्य जल निकायों में बहता है। इनमें से, पर्याप्त बुनियादी ढांचे और संसाधनों की कमी के कारण केवल एक छोटे से हिस्से का ही पर्याप्त उपचार किया जाता है। जल प्रदूषण से भारत सरकार को सालाना 6.7 से 7.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है, जिससे सरकारी कर और कृषि आय प्रभावित होती है। हर साल लगभग 4 करोड़ भारतीय टाइफाइड, हैजा और हेपेटाइटिस जैसी जल जनित बीमारियों से पीड़ित होते हैं और लगभग 4 लाख लोग मर जाते हैं। लगभग 140 करोड़ की आबादी में हर साल 277 मिलियन टन नगरपालिका ठोस कचरा उत्पन्न होता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इसके 387.8 मिलियन टन तक पहुंचने की संभावना है और 2050 तक यह वर्तमान से दोगुना हो जाएगा। बढ़ता शहरीकरण अपशिष्ट प्रबंधन को बेहद चुनौतीपूर्ण बनाता है। वर्तमान में, एकत्र किए गए कुल कचरे का लगभग 5% पुननर्वीनीकरण किया जाता है, 18% खाद बनाया जाता है और बाकी को लैंडफिल साइटों पर डाल दिया जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, भारत वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 25,000 टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है, जो देश में उत्पन्न कुल ठोस कचरे का लगभग 6% है। सबसे प्रदूषित नदियाँ, दुनिया का लगभग 90% प्लास्टिक समुद्र में बहाती हैं। इस सदी की शुरुआत के बाद से, भारत ने अपने कुल वृक्ष आवरण का 19 प्रतिशत खो दिया है। अधिकांश नुकसान जंगल की आग के कारण होता है, जो प्रतिवर्ष 18,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक जंगल को प्रभावित करता है, जो वार्षिक औसत वनों की कटाई दर से दोगुना है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की रेड लिस्ट के अनुसार, देश में 1212 पशु प्रजातियों में से 12% से अधिक को 'लुप्तप्राय' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हाल के वर्षों में 25 प्रजातियाँ विलुप्त हो गई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है कि जलवायु परिवर्तन हर साल कम से कम 150,000 मौतों के लिए जिम्मेदार है, 2030 तक यह संख्या दोगुनी होने की संभावना है। आईपीसीसी की रिपोर्ट का अनुमान है कि बढ़ते तापमान से एशिया में 130 मिलियन लोगों के लिए भोजन की कमी हो सकती है। 2050 तक तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ, देश को दोगुना भोजन आयात करना होगा। भारत में 85 प्रतिशत से अधिक ताजे पानी का उपयोग कृषि के लिए किया जाता है, दूसरी ओर जल संकट के कारण, देश के कुछ प्रमुख शहरों में 2030 तक भूजल खत्म हो जाएगा, जिससे लगभग 40% आबादी प्रभावित होगी। देश में हर साल गर्मी के मौसम में लू के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। वर्तमान समय में गर्मी के मौसम में सूरज आग उगल रहा है। दिल्ली में तापमान 52 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। फिलहाल महाराष्ट्र के नागपुर शहर में लू के कारण दो दिनों में 10 लोगों की जान चली गई है। अगर ये एक शहर की तस्वीर है तो पूरे देश में गर्मी के असर से हालात कितने भयावह हो सकते है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट ने अपनी रिपोर्ट में देश के प्रमुख महानगरों में बढ़ते तापमान का विश्लेषण किया और कहा कि लगातार कांक्रीटीकरण के कारण गर्मी बढ़ रही है और हालात इतने खराब हो गए हैं कि रात में भी तापमान कम नहीं हो रहा है। ऊर्जा का उपयोग, रहन-सहन कैसा हैं, क्या खाते हैं और कितना फेंक देते हैं, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्लास्टिक जैसी चीजों का उपभोग ये सभी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में योगदान करते हैं। दुनिया की सबसे अमीर 1 प्रतिशत आबादी मिलकर सबसे गरीब 50 प्रतिशत की तुलना में अधिक ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करती है। लोगों की सोच इतनी खराब हो गई है कि गर्मी बढ़ने पर एयरकंडीशनर और कूलर ही याद आते हैं, लेकिन गर्मी से बचाव के लिए पेड़-पौधे लगाने के प्रति कर्तव्य की भावना नहीं। इस गर्मी में मनुष्य इतना बेहाल है, तो पशुओं का क्या हाल होगा? परंतु पशु-पक्षी और वन्यजीवों के बारे में सोचने के लिए किसी के पास समय ही नहीं। यह सभी मानव निर्मित समस्याएं हैं और समाधान भी मानव के ही पास है, जिन्दगी जीने के तरीके में बदलाव और सामाजिक जिम्मेदारी का एहसास ही आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर जीवन विकास का मार्ग प्रशस्त कर पर्यावरण संरक्षण को गति प्रदान कर सकते है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज किसी बड़े मामले पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। कई दिनों से रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। धैर्य से आज आपके सारे काम बनते नजर आएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। निवेश करने से पहले अपने बड़ों की राय जरूर लें। अध्यापकों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपके प्रमोशन होने के योग बने हुये हैं। छात्रों के लिए आज का दिन फेबरेबल रहने वाला है। आज स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

वृष राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी घर के काम में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जिससे कार्य जल्द पूरा करने में सफलता मिलेगी। ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेनें से बचें, बेहतर यही होगा की किसी अपनों की काम में मदद लें... तो काम आसानी से पूरे होंगे। आपकी मेहनत आज आपके जीवन में सफलता के रंग भर देंगी। आज पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आज के दिन आपको अलग-अलग स्त्रोतों से फायदा मिलने की उम्मीद है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि-आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आपको कोई महत्वपूर्ण समाचार मिल सकता है। आज कोर्ट कचहरी के मामलों में जीत हासिल हो सकती है। आज समाज में मान-सम्मान की बढ़ोतरी होगी। आज कारोबार में सफलता और नौकरी में तरक्की हो सकती है। आज सामाजिक क्षेत्र में आपकी सराहना होगी। आज कार्यों में किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी पहले किया वादा आज पूरा करेंगे, इससे आपको प्रसन्नता होगी।

कर्क राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी गुम हुई कोई वस्तु आज अचानक मिल जाएगी। आज आपको इनवेस्ट में लाभ होगा। इस राशि वाले लोगों को अपने जीवनसाथी से आज गिफ्ट मिल सकता है, जिससे आप दोनों के रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। आज दूसरों की बात भी अच्छे से समझने की कोशिश करें, इससे आपको लाभ मिलेगा। आज कोई दोस्त आपसे मदद के लिए कह सकता है। सामने आयी समस्याओं को सुलझाने में आप सफल होंगे। आज कानूनी मामलों में आपको जीत मिलेगी। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को आज रोजगार मिलने की संभावना है।

सिंह राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रही रहेगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहराएंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। अगर आप नए वाहन को खरीदने की सोच रहें है तो खरीद लें। व्यापार में आज आपको लाभ मिलने के आसार नजर आ रहें हैं। पुराने मित्रों से आज आपकी मुलाकात हो सकती हैं। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन उत्तम नज? आ रहा है। आज आप परिवार के साथ किसी मंदिर भगवान के दर्शन करने जाएंगे।

कन्या राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका रुझान रचनात्मक कार्यों की तरफ ज्यादा रहेगा। नयी प्रॉपर्टी खरीदनें के लिए आज का दिन शुभ है। घर की साज-सजावट के लिए घरेलू उपकरणों से जुड़ी खरीददारी करने के लिए जीवनसाथी के साथ मार्केट जायेंगे। आज सोच-समझकर ही दूसरों की मदद करें। आज आपका स्वास्थ्य पहले से काफी अच्छा रहेगा। आज आध्यात्म के प्रति आपकी रुचि रहेगी। आज सहयोगी कार्य में आपकी मदद करेंगे। ऑफिस के किसी काम की वजह से आज आपको दूसरे शहर जाना पड़ सकता है। राजनैतिक लोगों से जान-पहचान बनेगी।

तुला राशि-आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज किसी काम को पूरा करने का प्रयास सफल रहेगा। आज परिजनों से शुभ समाचार मिलेगा और आपके आत्मसम्मान में वृद्धि होगी। आर्थिक तौर पर यह समय आपके लिए फूंक-फूंक कर कदम रखने वाला होगा। आपके खर्चे में बढ़ोतरी होने की संभावना है। आज किसी व्यक्ति विशेष से आपको मदद मिल सकती है। रात को बाहर दोस्त के साथ डिनर करने जाएंगे। घर से दूर रहकर जॉब कर रहे लोगों को आज अपने परिवार वालों से मिलने का मौका मिलेगा। लवमेट कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे।

वृश्चिक राशि-आज का दिन लकी है। आज के दिन की शुरुआत अच्छे विचारों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज मेहनत और व्यवहार के कारण आपको धनलाभ होगा। विरोधी पक्ष आज अपासे दूरियाँ बनाकर रहेगा। इस राशि के लोगों को आज पारिवारिक सुख और शांति का लाभ होगा। आज आपका ज्यादा समय माता-पिता के साथ बीतेगा। अलग-अलग स्त्रोतों से धन लाभ के अवसर बनेंगे। सरलता से कार्य को पूरा करने की कोशिश करें, तो कार्य जरुर पूरे होंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मनोबल का स्तर अच्छा रहने के कारण आपके कार्य अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। आज बिजनेस में परिवर्तन के आसार दिख रहें हैं। ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। घर के किसी काम को पूरा करने के लिए भाई के साथ विचार-विमर्श करेंगे। इलेक्ट्रोनिक का सामान खरीदने के लिए आज का दिन शुभ हैं। आज अपनी कीमती वस्तु को संभालकर कर रखें। आज लवमेट से उपहार मिलेगा, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज व्यापार को बढ़ाने के लिए नए अवसर मिलेंगे। आज शैक्षणिक कार्यों में मन लगेगा। आज राजनीति में सफलता मिलेगी। पहले किये हुये निवेश का आज लाभ मिलेगा। इस राशि के लोगों को जीवनसाथी से आज बहुत सारा प्यार मिलेगा, जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनायेंगे। आज मेहनत के मुताबिक सफलता हासिल होगी। आय के नए स्रोत मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। करियर को बेहतर बनाने के लिए किसी दोस्त से चर्चा करेंगे।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके जीवन में नयी खुशियाँ लेकर आएगा। आपका रूझान आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। माता-पिता के साथ कहीं मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की वजह से मनोरंजन के लिए बनाया हुआ प्लान आज टल सकता है। घर में आज समय ज्यादा व्यतीत करेंगे। पैसों से जुड़ी समस्या आज खत्म हो जाएगी। व्यवसाय को बढ़ाने के लिए किसी अनुभवी की सलाह लेंगे। इस राशि के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अगर इंटरव्यू के लिए जा रहे है तो अपने आत्मविश्वास में कमी न आने दें।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए बहुत बढि?ा रहेगा। आपको अपने कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल होने वाली है। आज करियर को लेकर लाभ मिलने वाला है। जरुरी कार्यों को पूरा करने में किसी मित्र से सहयोग मिलेगा। आज परिवार में एक दूसरे के साथ आपसी सामंजस्य बेहतर होंगे। आज विरोधी आपको नुकसान पहुँचने का प्रयास कर सकते हैं, इसलिए जितना हो सके आप उनसे दूरियां बनाकर रहें।

विश्व पर्यावरण दिवस

# पर्यावरण के बड़े खतरों के लिये कोशिशें भी बड़ी हो



ललित गर्ग

विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इंसानों को प्रकृति, पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिए यह खास दिवस मनाया जाता है और देश एवं दुनिया में पर्यावरण संरक्षण की याद दिलाई जाती है। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है। इस वर्ष बढ़ी हुई गर्मी एवं तापमान ने न केवल जीवन को जटिल बनाया बल्कि अनेक लोगों की जान भी गयी। वर्तमान समय में पर्यावरण के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां गंभीर चिन्ता का विषय बनी हुई हैं। ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। इस बार पर्यावरण दिवस ऐसे समय में आया है, जबकि अनेक देश युद्ध की विभीषिका के कहर से जूझ रहे है और दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ता तापमान, असंतुलित पर्यावरण जैसी चिंताओं से रू-ब-रू है। पर्यावरण को समर्पित यह खास दिन हमें प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने एवं उसके प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित करता है। विश्व पर्यावरण दिवस 1974 से ही मनाया जाता है, जब संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार इसकी घोषणा की थी। सऊदी अरब 2024 में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह की मेजबानी करेगा, जिसका थीम होगी ह्यहमारी भूमि, हमारा भविष्य ह्व यह थीम भूमि और इकोसिस्टम को बहाल करने, जैव विविधता की रक्षा करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयास पर जोर देती है। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है ह्यभूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता ह्व मानवता भूमि पर निर्भर है। फिर भी, पूरी दुनिया में प्रदूषण, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है और संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र मृत क्षेत्रों में बदल रहा है। इस वर्ष का विषय का फोकस ह्यहमारी भूमिह्व नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है। ग्लोबल वार्मिंग का खतरनाक प्रभाव अब साफतौर पर दिखने लगा है। देखा जा सकता है कि गर्मियां आग उगलने लगी हैं और सर्दियों में गर्मी का अहसास होने लगा है। असंतुलित पर्यावरण विनाश का कारण बन रहा है। आजकल जब उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्से रेकार्ड गर्मी से तप रहे हैं तब  पश्चिम बंगाल और केरल में भयानक बारिश हो रही है। इस तरह एक साथ इतनी तेज बारिश से नुकसान होता है। बढ़ते शहरीकरण विकास योजनाओं और जिंदगी से जुड़े हर क्षेत्र में पानी की जरूरतें बढ़ रही है। दूसरी तरफ पानी के कुदरती स्रोत कम होते जा रहे हैं। हमें पानी के इस्तेमाल के तौर-तरीकों में तुरंत बदलाव करते हुए संयम बरतने की जरूरत है। खेती में पानी के इस्तेमाल, पानी को इकट्ठा करने और उन्हें भूगर्भीय स्रोतों तक पहुंचाने के तौर-तरीकों और पानी के आम इस्तेमाल को बदलना होगा। नई सरकार को इस पर ज्यादा ध्यान देना होगा क्योंकि पानी की उपलब्धता के सारे समीकरण बदल गए हैं। तापमान का 50 डिग्री पार करना जटिल एवं गंभीर पर्यावरणीय घटना है। फ्रिज, एसी, कूलर और कारों की बिक्री बढ़ने से बिजली की खपत बढेगी।. यह स्थिति कोयले, पेट्रोल, डीजल के इस्तेमाल को बढ़ायेगी। ऐसे में लगातार ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही धरती और गर्म हो जाएगी। देश-दुनिया में गर्मी के नए रेकार्ड बनेंगे। इन दिनों कई शहरों का तापमान रेकार्ड तोड़ चुका है। इससे दिहाड़ी मजदूर, किसान और मेहनतकश लोगों को जूझना पड़ रहा है। वहीं ज्यादा बारिश वाले क्षेत्रों में पानी की कमी हो रही है तो सूखी जगहों पर बेतहाशा बारिश। इन घटनाओं की वजह को समझना होगा, उसे गंभीरता से लेना होगा।

नई बनने वाली सरकार को पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देना होगा। जलवायु परिवर्तन के अलावा कई समस्याएं मानव निर्मित भी है। माना कि बादल फटने, जंगलों में आग जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन अपेक्षाकृत नए माने जाने वाले हिमालय एवं पहाड़ी क्षेत्रों में नए बांध और सड़क बनाए जाने से होने वाले नुकसान ज्यादा सामने आ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन ऐसा मसला है जिसमें पर्यावरण से होने वाला खतरा किसी देश की सीमा या उसकी हैसियत नहीं देखता। सबको बराबर नुकसान होता है। इसलिए विश्व के सभी देशों एवं विशेषतः विकसित एवं शक्तिसम्पन्न देशों को उदार एवं दूरगामी नजरिया अपनाना होगा। अपने-अपने स्वार्थों को नजरअंदाज करते हुए विश्व मानवता को केन्द्र में रखना जरूरी है। कई बिंदुओं पर दुनिया पीछे जा रही हैं। दुनियाभर में जो युद्ध चल रहे हैं, उनकी वजह से भी सारे समीकरण बदल गये हैं। पहले कोविड ने नुकसान पहुंचाया, उसके बाद रूस-युक्रेन युद्ध और इस्राइल-गाजा का मामला चल रहा है। युद्धों का पर्यावरण पर सबसे घातक असर पड़ता है और यही जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण भी बनते हैं। पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं, जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। हालांकि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। दूषित पर्यावरण उन घटकों को प्रभावित करता है, जो जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने की आज बड़ी आवश्यकता है, इस दृष्टि से विश्व पर्यावरण दिवस मनाना केवल आयोजनात्मक न होकर प्रयोजनात्मक बने, यह अपेक्षित है। बदलते मौसम का ग्लेशियर पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। सदियों से ग्लेशियर पिघलकर नदियों के रूप में लोगों को जीवन देते रहे हैं। लेकिन पिछले दो-तीन दशकों में पर्यावरण के बढ़ रहे दुष्परिणामों के कारण इनके पिघलने की गति में जो तेजी आई है, वह चिंताजनक है। ऐसे में मुंबई समेत दुनिया के कई हिस्सों एवं महानगरों-नगरों के डूबने की आशंका तेजी से बढ़ चुकी है। इसका खुलासा अमरीकन नेशनल अकादमी ऑफ साइंस ने किया है। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवतर्नों के रूप में दिखलाई पड़ता है।

विश्व पर्यावरण दिवस विशेष

डॉ. सूयर्कांत मिश्रा

# विकास के घोड़ों ने रौंद डाली पर्यावरणीय हरियाली !



पर्यावरण की बिगड़ती स्थिति कोई नई घटना नहीं हैं ! यह मानवीय समाज के लिए दुनिया भर में सबसे विकट समस्या के रूप में खड़ी दिखाई पड़ रही है ! शहरीकरण , औद्योगिकरण , खनन और अन्वेषण जैसी मनुष्य की गतिविधियां ही वह कारण मानी जा सकती हैं जिससे पर्यावरण प्रदूषण चरम पर पहुंच रहा है । विकसित और विकासशील दोनो ही प्रकार के देशों में यह समस्या समान रूप से अपना रौद्र रूप दिखा रही है । अंतर केवल इतना है कि विकसित देशों में जागरूकता और सख्त कानूनों ने पर्यावरण की रक्षा में अहम योगदान जारी रखा है । हमारे भारत वर्ष में जनसंख्या विस्फोट और कानून का उल्लंघन करने वालों की कमी नहीं है ! किसी भी समस्या से निपटने स्थिति के अनुसार बनाए जाने वाले कानून से पूर्व उस कानून का तोड़ निकालने वाले शायद भारतवर्ष में ही पैदा हो रहे हैं ! औद्योगिक देशो में पर्यावरण संरक्षण के नियम इतने आसान नहीं हैं , जितने हमारे देश में हैं ! किसी भी प्रकार की खदान शुरू करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की लंबी प्रक्रिया अन्य देशों में लोगों को ऐसे कार्य के प्रति प्रेरित नहीं करती है । भारतवर्ष जैसे विकासशील देश में इस संदर्भ में निर्णय लेने के मानदंड के रूप में पर्यावरण मानकों के उपयोग का उचित मूल्यांकन किया जाना चाहिए । मानव जीवन प्रकृति की शोभा या प्रतिभा माना जा सकता है । यह प्रकृति एक विराट शरीर की तरह है । जीव - जंतु , वृक्ष - वनस्पति ,नदी - पहाड़ तथा झरने आदि हमारी प्रकृति के अंग -:प्रत्यंग हैं । इनके सहयोग से ही वृद्ध शरीर भी स्वस्थ और संतुलित रहता है । हमारे शरीर में किसी प्रकार का दोष उत्पन्न होने पर हम अपने कार्य में बाधा का अनुभव करते हैं । ठीक इसी तरह प्रकृति के कारकों से छेड़छाड़ किए जाने पर वह भी दूषित होने लगती है ।

भारतीय संस्कृति का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि यहां पर्यावरण संरक्षण का भाव अति प्राचीनकाल से चला आ रहा है । पहले इसका स्वरूप भिन्न था । उस काल में कोई राष्ट्रीय वन नीति या पर्यावरण पर काम करने वाली संस्थाएं नहीं थीं ! पर्यावरण संरक्षण हमारे क्रियाकलापों में से जुड़ा हुआ विषय था । हमारे वेदों से लेकर अन्य धर्म ग्रंथों में भी पर्यावरण का उद्देश्य स्पष्ट नजर आता है । भारतीय दर्शन में इस बात का उल्लेख है कि  - ₹ पंच तत्व मिली बना शरीरा, क्षिति , जल , पावक , गगन ,समीरा ।।₹ अर्थात हमारे शरीर के निर्माण में पृथ्वी , पानी , अग्नि , आकाश और हवा का बड़ा योगदान है । आज हमारी स्वार्थपूर्ण नीति ने इन पांचों तत्वों को प्रदूषित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी है ! हमारे ग्रंथो के अनुसार वृक्ष जाति के प्रतिनिधि के रूप में कल्पवृक्ष का उदाहरण मिलता है । यही वह वृक्ष है जिसे देवताओं ने अपनी सुरक्षा में ले रखा है । इसी तरह कामधेनु गाय और एरावत हाथी के कथानक भी हमारे ग्रंथों में मिलते हैं । भगवान श्री कृष्ण के द्वारा लोगों की सुरक्षा के उद्देश्य से गोवर्धन पर्वत को उठाए रखना एक ऐसा घटनाक्रम बन गया कि हिंदू धर्मावलंबी पवर्तों की पूजा करने लगे । वृक्षों का महत्व समझते हुए हमने पीपल , नीम और बरगद आदि की पूजा का प्रावधान भी स्वीकार किया।

हमारे वैदिक ऋषि प्राथर्ना किया करते थे कि पृथ्वी , जल , औषधि एवं वनस्पतियां हमारे लिए सदैव उपलब्ध रहें । इनकी उपलब्धता तभी संभव है जब हम इनकी सभी स्तरों पर सुरक्षा का संकल्प लें । प्रकृति के साथ युगों - युगों से की जा रही छेड़छाड़ से पर्यावरण को हो रहे नुकसान का आंकलन करने हमें कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है । पूरे विश्व में बढ़ रहे बंजर क्षेत्र , फैलते रेगिस्तान , कटते जंगल , लुप्त होते पेड़ - पौधे और जीव - जंतु प्रदूषण के कारण दूषित जल , कस्बों एवं शहरों में पांव पसारती गंदगी ,प्रति वर्ष बढ़ रहा बाढ़ का प्रकोप इस बात के साक्षी हैं कि हमने अपने पर्यावरण की उचित देखभाल नहीं की ! पूरा विश्व इस बात को स्वीकार करता है कि हमारे जीवन के तीन आधार - वायु , जल और मिट्टी आज खतरे में हैं ! बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण न केवल महानगरों में बल्कि छोटे - छोटे कस्बों में शुद्ध प्राण वायु मिलना दुभर हो गया है ! इसका एक मात्र कारण यह है कि ₹ धरती का फेफड़ा ₹ माने जाने वाले वनों पर हमने बे - खौफ होकर आरी चलाई है ! अब तो एक नई बीमारी ने जन्म लेना शुरू कर दिया है । बड़े शहरों में वृक्षों की कमी के कारण वायु प्रदूषण इतना विकट हो गया है कि लोगों को रात में सोने के लिए स्वसन प्रक्रिया को निरंतर रखने नाक में हवा का स्त्रोत लेकर सोना पड़ रहा है ! इस वर्ष का विश्व पर्यावरण दिवस अभियान -  भूमि पुनर्स्थापना , मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने पर केंद्रित है । इस बार की थीम ₹ हमारी भूमि , हमारा भविष्य के रूप में तैयार की गई है । 2024 के विश्व पर्यावरण दिवस वैश्विक समारोह की मेजबानी इस बार सऊदी अरब कर रहा है । संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के नेतृत्व में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला पर्यावरण दिवस एक वैश्विक मंच के रूप में सभी को जागरूक करता आ रहा है । एक बड़े भू - वैज्ञानिक का कहना है कि इस बार जब बारिश हो रही हो तो अपनी खिड़की से बाहर देखें या इससे भी बेहतर बाहर की ओर निकलें और नीचे देखें । अगर आप कांक्रीट या तारकोल से घिरे हैं तो पाएंगे कि बारिश का पानी बहकर नजदीकी नाले में चला जा रहा है ! यदि भारी बारिश हो रही हो तो ये सभी पक्की सतहें बाढ़ को आने में योगदान करेंगी ! साथ ही जलमार्गों में प्रदूषण को जन्म देंगी ! दूसरी ओर यदि आप अपनी खिड़की से बगीचे को देख रहे हों , या ग्रामीण क्षेत्र में हों तो आप पाएंगे कि वर्षा का पानी मिट्टी में अवशोषित हो रहा है । जहां यह वनस्पति के लिए फायदे मंद होगा । यही जल नीचे जाकर भू - जल का रूप लेगा । हफ्तों या महीनों बाद यही जल नदियों के प्रवाह को बल प्रदान करेगा ! हमारी दुनिया और इसके परिदृश्य पहले से कहीं ज्यादा तेजी के साथ बदल रहे हैं ! लोग ₹ शिफ्टिंग बेसलाइन सिंड्रोम ₹ के विषय में बात करते हैं - जिसका तात्पर्य हम बचपन में जिस प्रकृति के संपर्क में आते हैं , उसे हम आदर्श या शुरुआती बिंदु के रूप में लेते हैं । मैं यदि अपने बचपन के दिन की ओर लौटूं , तो मेरा बचपन नदियों , तालाबों , समुद्रों में छप - छप , दल - दल में उछल - कूद के साथ अनेक वन्य जीवों को देखने में गुजरा ! अब जब मैं अपने बच्चों को हमारे नालों या समुद्रतट अथवा आम जगह पर ले जाता हूं तो हमें कुछ जीव ही दिखाई पड़ते हैं ! मुख्य रूप से जो चीजें देखने में आती हैं वे प्रदूषण की नई - नई परिभाषा गढ़ते दिखाई पड़ती है ! हम अभी भी प्रकृति का आनंद लेते हैं और पर्यावरण के लिए एक समान जुनून रखते हैं , किंतु मेरी और मेरे बच्चों की आधार रेखा बहुत भिन्नता लिए हुए नजर आती है ! हमारी पीढियां यह सोचकर बड़ी हो रही हैं   कि रेगिस्तानी और कमजोर परिदृश्य सामान्य है !

# प्रतिबंधित लाल ईंट के भट्ठियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**चारामा,5 जून ।** सरकार द्वारा खनिज एवं पर्यावरण नियमों का हवाला देते हुए मिट्टी से बनने वाली लाल ईंटों के निर्माण को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है । किन्तु धरातल पर ये नियम कायदे केवल कागजों तक ही सिमटती दिखाई पड़ रही है । चारामा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में इन दिनों लाल ईंट बनाने वाले ठेकेदार पूरी तरह बेखौफ होकर लाल ईंट का निर्माण कर मंहगे कीमत पर बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं । सूत्रों से खबर मिल रही है कि ठेकेदारों को इस अवैध कारोबार को अंजाम देने में शासन-प्रशासन का हर तरह से संरक्षण प्राप्त है । इसलिए अवैध लाल ईंट भट्ठियों के संचालकों में कार्यवाही को लेकर शासन- प्रशासन का कोई भी डर भय नहीं है क्योंकि जिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इस अवैध कारोबार पर रोक लगाने का अधिकार है उन्हें ही इन अवैध कारोबारियों के द्वारा समय-समय पर बड़े पैकेज देकर मैनेज किए जाने की भी सूचना मिल रही है । जिसके चलते जिले भर में बिना किसी रोक-टोक के इस अवैध कार्य को धड़ल्ले से किया जा रहा है । जिसके कारण क्षेत्र में निर्माणाधीन सरकारी भवनों पर प्रतिबंधित होने के बावजूद भी लाल ईंटों से ही निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं । जिसमे नियम के विरुद्ध विभागीय उप अभियंताओं के द्वारा सरकारी निर्माण कार्यों के मूल्यांकन कर ठेकेदारों को राशि के भुगतान भी कराए जा रहे हैं । समूचे जिले में अवैध रुप से चल रहे लाल ईंट भट्टे के संचालकों पर जब कोई कार्यवाही ही नहीं किया जाना है तो फिर ऐसे नियम बनाए ही क्यों गए हैं । इस बात पर गहनता से चिंतन करने का विषय हैं । खैर अब देखना यह है कि मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बाद खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इन अवैध लाल ईंट भट्ठियों के संचालकों पर क्या कार्यवाही करते हैं ।

## एक नजर

### अमेजन इन ने लॉन्च किया भारत में क्रिएटर यूनिवर्सिटी और क्रिएटर कनेक्ट

**बेंगलुरू, 5 जून।** अमेजन इन ने आज क्रिएटर यूनिवर्सिटी और क्रिएटर कनेक्ट लॉन्च करने की घोषणा की। क्रिएटर यूनिवर्सिटी एक शैक्षणिक कार्यक्रम है, जिसे कंटेंट क्रिएटरों को गतिशील क्रिएटर अर्थव्यवस्था में सफल होने के लिए ज़रूरी टूल और ज्ञान से लैस करने के लिए तैयार किया गया है। यह कार्यक्रम विभिन्न किस्म के कंटेंट क्रिएटरों की ज़रूरतों पूरा करेगा, जिसमें स्थापित और आकांक्षी इन्फ्लुएंसर दोनों शामिल हैं। यह कार्यक्रम संसाधनों का क्यूरेटेड तरीके से चयन कर प्रतिभागियों को अमेज़न मार्केटप्लेस पर एक वहनीय व्यवसाय विकसित करने के लिए मौलिक ज्ञान और व्यावहारिक रणनीतियां प्रदान करता है।क्रिएटर कनेक्ट व्यक्तिगत कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है, जिसे अमेज़न इकोसिस्टम के भीतर क्रिएटरों के लिए कनेक्शन, सीखने और विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। ये कार्यक्रम दो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रमुख बिक्री और अमेज़न पहलों से रणनीतिक रूप से समयबद्ध हैं- आगामी प्रमोशन के लिए उत्साह पैदा करना और अमेज़न इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम में नए क्रिएटरों को आकर्षित करना। क्रिएटर कनेक्ट कई तरह के इंटरैक्टिव अनुभव प्रदान करता है, जिसमें इन्फ्लुएंसर द्वारा संचालित वर्कशॉप, अमेज़न के वरिष्ठ अधिकारियों और स्थापित क्रिएटरों से मिलने के अवसर, प्रोडक्ट शोकेस, ट्रेंड के बारे में चर्चा और बहुत कुछ शामिल हैं। पहला क्रिएटर कनेक्ट इवेंट, अ समर एस्केप, 3 जून, 2024 को मुंबई में शुरू होगा और अमेज़न फैशन की वार्डरोब रिफ्रेश सेल के साथ फैशन और लाइफस्टाइल क्रिएटर्स का एक समुदाय बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### एमजी इंडिया ने स्टॉर्म सीरीज में न्यू ग्लोस्टर को लांच किया

**रायपुर ।** 100 सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी (मॉरिस गैरेज) मोटर इंडिया ने भारत में एमजी ग्लोस्टर की नई डेजर्टस्टॉर्म और स्नोस्टॉर्म सीरीज पेश की है। नई एमजी ग्लोस्टर स्टॉर्म सीरीज को बारीकी से डिजाइन किया गया, जो अधिक लग्जीरियस और बोल्ड लुक प्रदान करती है। नई एमजी ग्लोस्टर डेजर्टस्टॉर्म, ब्लैकस्टॉर्म के तत्वों से प्रेरित डीप गोल्डन एक्सटीरियर के साथ आती है। वहीं, स्नोस्टॉर्म डुअल-टोन पर्ल व्हाइट और ब्लैक एक्सटीरियर में आती है, जो निश्चित रूप से हर जगह सभी का ध्यान आकर्षित करेगी।नई ग्लोस्टर डेजर्टस्टॉर्म एक डीप गोल्डन एक्सटीरियर के शानदार कंट्रास्ट में आती है, जो कमांडिंग ब्लैक ग्रिल से लेकर रेड कैलिपर्स के साथ ब्लैक अलॉय व्हील्स तक बोल्ड ब्लैक हाइलाइट्स से पंक्चुएटेड है। डार्क-थीम वाले ओआरवीएम, रेड आइल एलईडी हेडलैम्प्स और हाइलैंड्स मिस्ट एलईडी टेललैम्प्स मिस्ट्री का टच जोड़ते हैं, जबकि ऑल-ब्लैक डोर हैंडल, डीएलओ (डेलाइट ओपनिंग) गार्निश, रूफ रेल्स, स्पॉइलर और फेंडर गार्निश असेंबल को पूरा करते हैं। यह हर ड्राइव को स्टाइल और परफॉर्मेंस का स्टेटमेंट बनाते हैं। नए ग्लोस्टर डेजर्टस्टॉर्म के ब्लैक-थीम वाले इंटीरियर का उद्देश्य ड्राइविंग एक्सपीरियंस को बेहतर बनाना है। अपहोस्ट्री से लेकर ट्रिम्स तक, हर तत्व एक जीवंत और प्रीमियम एम्बियंस का प्रतीक है। इसके अलावा, व्हाइट स्टीचिंग के साथ ब्लैक स्टीयरिंग व्हील, व्हीकल की अपील में एक सटल लेकिन विशिष्ट टच जोड़ता है।

### योगेश तिवारी ने ऐतिहासिक जीत के लिए बृजमोहन अग्रवाल और विजय बघेल को दी बधाई



**रायपुर, 5 मई।** सर्व हिन्दू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने बृजमोहन अग्रवाल और दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल से मुलाकात कर दूसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर बधाई दी। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी का और प्रदेश के मुख्यमंत्री बिष्णुदेव सांय का नेतृत्व का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव में 11 में से 10 सीटों पर जीत दर्ज की है ।सांसद विजय बघेल ने एक बार फिर लंबे अंतर से अपने प्रतिद्वंदी राजेंद्र साहू को 4,38,226 वोटों से हराने में सफलता पाई है। इसी प्रकार रायपुर प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। बृजमोहन अग्रवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विकास उपाध्याय को 5,75,285 ऐतिहासिक मतों से विजय दर्ज की है। और आने वाले समय फिर से एक बार भाजपा एनडीए की सरकार बनने जा रही है उसके लिये सभी प्रदेश वासीयों को बधाई दी है।

### बिलासपुर के छात्रों ने 2023-24 ओलंपियाड पुरस्कारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया




**बिलासपुर।** विश्व के सबसे बड़े ओलंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2023-24 में बिलासपुर के चार छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक हासिल की है। कैरियर प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल के ग्यारहवीं कक्षा के तीन छात्र अनीश केशरवानी, ईशांत कुमार रत्नाकर, नितेश पटेल ने इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में प्रथम रैंक हासिल कर अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्राप्त किया वहीं दूसरी ओर कैरियर प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा जयंती प्रजापति ने इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में पांचवीं रैंक हासिल कर मेरिट सर्टिफिकेट हासिल किया।

इस वर्ष के एसओएफ ओलंपियाड में 70 देशों के लगभग लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें बिलासपुर के 17,718 से अधिक छात्र शामिल थे। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, सेंट फ्रांसिस हायर सेकेंडरी स्कूल, लोयोला स्कूल सहित बिलासपुर के प्रसिद्ध स्कूल प्रतिभागियों में शामिल थे।

## बालको ने अल्ट्राटेक सीमेंट के साथ किया एमओयू

**कोरबा,5 जून ।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने श्री अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के साथ समझौता (एमओयू) किया है। इसके अंतर्गत बालको अल्ट्राटेक सीमेंट को 75,000 मीट्रिक टन लाई ऐश की आपूर्ति करेगा, जिसका उपयोग कम कार्बन वाले सीमेंट के उत्पादन में किया जाएगा। कंपनी भारत के कुछ प्रमुख सीमेंट उत्पादकों को उ'च गुणवत्ता वाली लाई ऐश का पसंदीदा आपूर्तिकर्ता बन गया है। इससे सीमेंट उद्योग में लाई ऐश के सस्टेनेबल उपयोग के लिए महत्वपूर्ण सहयोग तथा सर्कुलर इकोनॉमी में बढ़ोत्तरी होगी।

लाई ऐश थर्मल पावर उत्पादन का उप-उत्पाद है जो बालको के एल्यूमिनियम प्लांट की बिजली की जरूरतों को पूरा करने से उत्पादित होता है। इसमें विभिन्न उद्योगों में पुनरू उपयोग की महत्वपूर्ण क्षमता है। सीमेंट उद्योग में अपने अंतर्निहित सीमेंटीय गुणों के कारण क'चे माल के तौर पर इसकी मांग है। इसके उपयोग से पानी की खपत में कमी, बेहतर कार्य क्षमता, बेहतर यांत्रिक गुण और टिकाऊपन आदि शामिल है। इसके साथ औद्योगिक उप-उत्पाद होने के कारण लाई ऐश के उपयोग से सीमेंट लागत तथा ऊर्जा बचत हुई है। सीमेंट निर्माण में लाई ऐश का उपयोग करने से लगभग 700-800 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन, 4.2 मिलियन गीगा जूल ऊर्जा और प्रति टन ×41 लीटर पानी बचाया जा सकता है।लाई ऐश का उपयोग सीमेंट के अलावा ईंट निर्माण, सड़क निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बड़े पैमाने पर परियोजनाओं का कार्यान्वयन हुआ जिससे लाई ऐश के उपयोग में वृद्धि हुई है। बालको के बिजली संयंत्र में उ'च गुणवत्ता वाले कोयला इस्तेमाल से कम सल्फर तथा उ'च गुणवत्ता वाली राखड़ होता है जो सीमेंट उत्पादन, ईंट एवं सड़क निर्माण के लिए आदर्श उत्पाद है। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने विभिन्न उद्योगों की जरूरतों को पूरा करते हुए 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 150 प्रतिशत राखड़ का उपयोग सुनिश्चित हुआ है। हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।बालको के मु य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हम उप-उत्पादों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करके सर्कुलर इकोनॉमी पहल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे इंडस्ट्री एमओयू से कई लाभ हुए हैं जिसमें सीमेंट निर्माण के गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी, लागत में कमी और सस्टेनेबिलिटी लाभ के साथ ही प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन में भी सहायता मिली है। हमारे वेस्ट टू वेल्थ पहल का उद्देश्य वैल्यू चैन को विकसित करना है जो हमारे उप-उत्पादों को अन्य उद्योगों के लिए मूल्यवान संसाधनों में परिवर्तित करते हैं। यह समझौता हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।अल्ट्राटेक सीमेंट के श्री प्रवीण कुमार, वरिष्ठ महाप्रबंधक (आरएम और ईंधन पूर्वी क्लस्टर) ने एमओयू पर खुशी जाहिर करते हुए इससे होने वाले पारस्परिक लाभों के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि बालको के साथ एमओयू सस्टेनेबल प्रैक्टिस के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सीमेंट उत्पादन में लाई ऐश का उपयोग न केवल उत्पाद की गुणवत्ता को बढ़ाता है बल्कि हमारे सस्टेनेबिलिटी प्रयासों के प्रति कंपनी की कटिबद्धता को भी दर्शाता है।

### अवैध निर्माण पर निगम का चला बुलडोजर

**कोरबा,5 जून ।** शिवनगर रूमगरा क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर जबरिया मकान का निर्माण किए जाने की शिकायत स्थानीय पार्षद ने आयुक्त से की थी। शुक्रवार को निगम का बुलडोजर अतिक्रमण पर चलाया गया। इस बीच अतिक्रमणकारियों का विरोध सामने आया। विरोध को दरकिनार कर तोड़ूदस्ता ने अपनी कार्रवाई की।

मामला नगर पालिक निगम के वार्ड मांक 42 शिवनगर रूमगरा का है। पार्षद पुराईन बाई कंवर ने मामले की शिकायत की थी। निगम आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया था कि शिवनगर रूमगरा के दशहरा मैदान सह प्राचीन शिव मंदिर परिसर में शत्रुहन प्रसाद कुर्रे पिता धनसाय के द्वारा अतिक्रमण करते हुए जबरन घर का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी सूचना नगर निगम को दी गई थी। निगम के अधिकारी द्वारा नोटिस पहुंचाने पर उक्त व्यक्ति द्वारा नोटिस लेने से इनकार किया गया।

## शनि जन्म उत्सव पर तीन व्रत त्यौहार से बन रहा सर्व सिद्धी योग्य



**पत्थलगांव, 5 जून।** शनि जन्म उत्सव के दिन तीन व्रत त्यौहार के रहने से यह दिन सर्व सिद्धी योग्य लेकर आया है,यह दिन अनेक मनोकामनाओ को पूरी करने वाला रहेगा। भक्त सुबह उठकर शनि उपासना के साथ उपवास एवं तेल व छाया का दान कर अपनी सभी मनोकामनायें पूरी कर सकते है। प्रमुख ज्योतिषाचार्य आनंद शर्मा ने बताया कि शनि जयंती 6 जून को मनायी जा रही है,ज्येष्ट माह की अमावस्या तिथी की शुरूवात 5 जून की शाम 6 बजकर 57 मिनट से होगी। उसका समापन 6 जून को शाम 5 बजकर 35 मिनट पर होगा। इस समय मे कर्मो का फल प्रदान करने वाले देवता शनि महाराज की पूजा अर्चना व्रत उपवास के साथ उन्हे तेल,फूल,छाया का दान कर सर्वार्थ सिद्धी योग मे बनने वाले विशेष समय का भरपूर लाभ उठाया जा सकता है। यहा के मंडी प्रांगण स्थित शनि मंदिर मे भी शनि जन्म उत्सव की तैयारियां पिछले एक सप्ताह से चल रही है। मंदिर परिसर को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है,यहा के पुजारी कैलाश शर्मा ने बताया कि 6 जून दिन गुरूवार को प्रातः 5 बजे से पूजा पाठ के कार्यक्रम शुरू कर दिये जायेंगे। 10 बजे हवन किया जायेगा,भंडारा एवं प्रसाद का वितरण दोपहर 1 बजे होगा। शनि जन्मउत्सव के रोज दिन गुरूवार को मंदिर परिसर मे तेलाभिषेक,तुलादान,छायादान का कार्यक्रम आयोजित होगा।वट सावित्री का हिंदु धर्म मे महत्व-:वट सावित्री अमावस्या के दिन ही शनि जन्म उत्सव मनाने की परंपरा वर्षो पुरानी है,वट सावित्री अमावस्या का हिंदु धर्म मे विशेष महत्व है। पंडित आनंद शर्मा बताते है कि वट सावित्री व्रत प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ मास में कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है,शनि जन्म उत्सव के दिन सर्व सिद्धी योग्य बनने से यह दिन व्रतियों के लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है,यह अमावस्या स्नान-दान और श्राद्ध की भी अमावस्या है,इसलिए यह तिथि न सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि पुरुषों के लिए भी विशेष महत्व रखती है।।पीपल मे चढाये जल-पं.आनंद शर्मा ने बताया कि पीपल और शमी का संबंध शनि से माना जाता है,इन दोनों वृक्षों की जड़ में शनि जयंती एवं हर शनिवार को जल चढ़ाने और दीपक जलाने से अनेक प्रकार के कष्टों का निवारण होता है। शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या के चलते पीपल के पेड़ की पूजा करना और उसकी परिक्रमा करने से शनि की पीड़ा झेलनी नहीं पड़ती,वहीं इस दिन पीपल का वृक्ष लगाने से शनि की कृपा प्राप्त होती है।

## पर्यावरण संकट में है इसे सिर्फ पौधारोपण से बचाया जा सकता है: लक्ष्मण





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में आज वन परिसर के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों का वृक्षारोपण किया गया वहीं आज दिन भर के लिए वनो के संरक्षण संवर्धन हेतु डीएफओ लक्ष्मण सिंह के द्वारा एक परिचर्चा का आयोजन किया गया एवं गोष्ठी मे जिले के विभिन्न वन अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर अपने विचार रखें इस अवसर पर गोष्ठी में उपस्थित एसडीओ मनोज चंद्राकर प्रशिक्षु आईएफएस श्री हिमांशु राजीव कुमार सोरी,नदीम कृष्णा बरिया अतुल श्रीवास्तव संतोष धीरेंद्र साहू अरुण तिवारी सँतोष कुमार के साथ ही विभिन्न अधिकारी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई इस अवसर पर डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके अल्पकाल कार्यकाल में तेंदूपत्ता जैसे शासन के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया जिसमें शासन के द्वारा 36 करोड़ रूपया का ऑनलाइन आमजनो तक भुगतान पहुंचाया गया यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, साथ ही चिरौंजी लाख पालन व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनों को 42 लाख तक भुगतान किया गया यह एक उल्लेखनीय बात रही है इसके लिए उन्होंने विभिन्न प्रबंधक एवं रेंजर एवं वन अमला के लोगों को बधाई दी उन्होंने उपस्थित वन अमले से अनुरोध किया कि आप विभिन्न विकास कार्यों को कैसा अंजाम तक पहुंचाये लोगों को कैसा रहता मिले शासन की राशि को किस तरह आम जनों तक पहुंचाया जाए जिससे हम लोगों को राहत मिले और वन विभाग की विश्वसनीय बढ़े और वन विभाग का विश्वास किसानऔर आम जनों के प्रति बढे हम कंधे से कंधा मिलाकर इस जिला और प्रदेश को विकास की ओर अग्रसर कर सकें इस संबोधन के साथ ही विभिन्न अधिकारी कर्मचारियों ने अपने संबोधन में प्रदेश के विकास के लिए वन कर्मचारियों को सतत सतर्क व सहयोग देने की अपील की इस अवसर पर डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने लोगों को सुझाव देते हुए कहा

कृषकों के निजी भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के वृक्षारोपण ।सहयोगी संस्था / निजी कम्पनियों के माध्यम से वृक्षों की वापस खरीद ।सहयोगी संस्था / निजी कम्पनियों के द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे।समर्थन मूल्य के माध्यम से कृषकों को सुनिश्चित आय ।बिचौलियों के द्वारा किये जा रहे शोषण पर रोक ।काष्ठ एवं प्लाईवुड आधारित उद्योगों को बढ़ावा ।स्थानीय रोजगार में वृद्धि के साथ-साथ कृषकों की आय में वृद्धि ज़ पर्यावरण में सुधार भविष्य में इन वृक्षारोपण क्षेत्रों से कार्बन क्रेडिट के रूप में कृषकों को अतिरिक्त आय की संभावना।योजना प्रारंभ करने की आवश्यकता।निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई एवं विक्रय असंगठित है।बिचौलियों के कारण कृषकों को अपने उत्पाद के लिए अच्छा मूल्य नही मिल पा रहा है।वर्तमान में वृक्षों की वापस खरीद की कोई व्यवस्था नही है। नीलगिरी के अलावा सागौन, बांस एवं अन्य आर्थिक रूप से लाभकारी प्रजातियों को भी बढ़ावा देन समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी । शासकीय, अर्ध-शासकीय एवं शासन के स्वायत्त संस्थाऐं जो अपने स्वयं के भूमि पर रोपण करना है।निजी शिक्षण संस्थाऐं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाऐं, पंचायतें, भूमि अनुबंध धारक ।कृषको का चयन वन विभाग के क्षेत्रीय अमलें द्वारा सहयोगी संस्था / निजी कम्पनी के क्षेत्रीय अमलें द्वारा विभाग के विभिन्न योजनाओं में कार्यरत प्रेरकों द्वारा ।प्रत्येक जिलें में कृषकों, भूमि धारकों, उद्योगपतियों आदि के कार्यशाला आयोजित करना।इच्छुक हितग्राहियों से संपर्क कर उनकी सहमति के आधार पर इस योजना के हितग्राही के रूपचयन किया जावेगा।योजना का संक्षिप्त विवरण हितग्राहियों को 5 एकड़ तक भूमि पर (प्रति एकड़ अधिकतम 1000 पौधे) पौधों के रोपण हेतु 100 अनुदान ।हितग्राहियों को 5 एकड़ से अधिक भूमि पर (प्रति एकड़ अधिकतम 1000 पौधें) पौधों का रोपण प्रतिशत अनुदान । शेष 50 प्रतिशत राशि कृषकों को स्वयं वहन करना होगा।पंचायते एवं गैर शासकीय संस्थाओं को 50 प्रतिशत अनुदान । शेष 50 प्रतिशत राशि स्वयं वहनहोगा।सभी हितग्राहियों हेतु रोपण का कोई अधिकतम सीमा नही है।रोपण से संबंधित समस्त कार्य हितग्राही द्वारा किया जाना होगा।वन विभाग द्वारा कार्य पूर्ण कर हितग्राही के सुपूर्द में देने का प्रावधान नही होगा।हितग्राहियों के द्वारा कार्य पूर्ण करने के पश्चात, सत्यापन उपरांत, राशि खाते में हस्तांतरित की जावेगी

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन में सहभागिता देने पर सभी के प्रति आभार जताया

**रायपुर 5 जून।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में सहभागिता देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोक सेवी संस्थाओं तथा मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी है। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों का प्रभावी रूप से प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### शिक्षा विभाग ने अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाया दावा आपत्ति

**दंतेवाड़ा, 5 जून ।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार अनुकपा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की छान-बीन के क्रम में सात दिवस के भीतर आम जनों से दावा आपत्ति मंगाई गई है। इस क्रम में वर्तमान में 05 आवेदकों ने अनुक पा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें गीदम विकासखंड के कन्या आश्रम शाला समलूर में पदस्थ शिक्षक स्व. जसमनराम टोप्पो के परिवार से उनकी पत्नी श्रीमती रेशमा टोप्पो, दन्तेवाड़ा विकासखंड से प्राथमिक शाला कुंजामपारा गंजेनार में पदस्थ प्रधान पाठक स्व. बन्नूराम कोड़ोपी की पुत्री कु. विजयलक्ष्मी कोड़ोपी, दन्तेवाड़ा विकास खण्ड प्राथमिक शाला टोटापारा पूरनतराई में पदस्थ सहायक शिक्षक स्व. रमेश कुमार साहू की पत्नी श्रीमती इन्द्राणी साहू, विकासखंड कटेकल्याण के प्राथमिक शाला कोयापारा परचेली में पदस्थ सहायक शिक्षक स्व. नकुलराम कोर्राम के पुत्र श्री रविन्द्र कोर्राम, दन्तेवाड़ा विकासखंड के माध्यमिक शाला पण्डेवार में पदस्थ भृत्य स्व. सुखेन्द्र सिंह की पत्नी श्रीमती जयंतीबाई ने अनुक पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आम जनो के जानकारी में यदि दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रित परिवारों में यदि कोई सदस्य रा'य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत होने की सूचना है, तो वे सात दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दन्तेवाड़ा में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के माध्यम से जानकारी दे सकते है। ताकि नियमानुसार पात्र व्यक्ति को अनुक पा नियुक्ति का लाभ दिया जा सके।

### ग्राहकों में दीर्घकालिक निवेश की आदत डालने के लिए आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम लॉन्च

**मुंबई, 5 जून।** लाइफ इंश्योरेंस की बेहतर स्कीम्स को लेकर ग्राहक हमेशा ही असमंजस में रहते हैं। निवेश करने के बाद उम्मीद के अनुरूप रिटर्न मिलेगा या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है, जो ग्राहकों के मन में हमेशा बना रहता है। कई बार ग्राहक निवेश करने की कुछ ही अवधि में इसे रोक देते हैं, कारण कि उन्हें उनकी उम्मीद के अनुरूप रिटर्न नहीं मिला। ऐसे में, ग्राहकों में दीर्घकालिक निवेश की आदत डालने और बिना किसी लागत और कर के एसेट क्लास के बीच असीमित मुफ्त स्विच की पेशकश करते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लेकर आया है अपना पहला यूनिट-लिंक्ड प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पाल्टा ने कहा, फंड वैल्यू-आधारित डिस्ट्रीब्यूटर पे-आउट के साथ यह प्रोडक्ट अपनी तरह का सबसे शानदार प्रोडक्ट है। जीवन बीमा में सबसे महत्वपूर्ण क्लैम है और एक ग्राहक अनुकूल ब्रांड के रूप में हमारा लक्ष्य सभी क्लैम का तेजी से निपटान करना है। विशेष रूप से, यह ग्राहकों को लंबी अवधि में धन बनाने के लिए लागत और कर-कुशल मार्ग प्रदान करता है।इसके तहत डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन कंपनी के ग्राहकों के एसेट अंडर मैनेजमेंट से जुड़ा होता है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को पूरी पॉलिसी अवधि के पूरे होने तक इससे जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस प्रोडक्ट के तहत ग्राहकों 21 फंडों का विकल्प मिलता है, जिसमें 13 इक्विटी और ऋण और संतुलित श्रेणियों में से प्रत्येक के अलावा चार पोर्टफोलियो स्ट्रेटेजी का विकल्प भी शामिल है।

## आईपीएल की तर्ज पर रायपुर में होगा सीसीपीएल का आयोजन



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में आईपीएल के तर्ज पर छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (छ्छ्क्क) का आयोजन होगा. प्रतियोगिता में 7 से 16 जून तक मैच खेले जाएंगे. मैच के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अलावा पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना शामिल होंगे. कार्यक्रम में फेमस सिंगर बी प्राक भी शामिल हो सकते हैं. इसे भी पढ़ें ¬ ओडिशा में एक युग का अंत, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दिया इस्तीफा

रायपुर राइनोस, बिलासपुर बुल्स, सरगुजा टाइगर्स, बस्तर बाइसंस, रायगढ़ लायंस और राजनांदगाँव पैंथर्स के बीच मुक़ाबला होगा. सीएससीएस के डायरेक्टर विजय शाह ने बताया कि 7 जून को सुबह 8 बजे से मैच शुरू होगा. बीसीसीआई और आईपीएल के तरह ही मैच होगा.

7 जून से आयोजन की शुरुआत होगी. उद्घाटन समारोह की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सिंगर बी प्राक का प्रोग्राम होगा. 200 डांसर अपने-अपने गेटप में डांस करेंगे. सेमी फाइनल मैच के समय में बदलाव होगा, और यह शाम 5.15 बजे से होगा.विजय शाह ने बताया कि पहला बिलासपुर और रायपुर के बीच हो. 8 को बस्तर और सरगुजा मैच होगा. तीसरा मैच रायगढ़ और बस्तर है. इस तरह से अलग-अलग दिनों में मैच होंगे. कुल 18 मैच होने हैं. फ्री इंट्री है, कोई भी आकर देख सकता है. कोई भी, कही भी आकर बैठ सके।

### दुर्ग लोकसभा में भाजपा की जीत पर विधायक गजेंद्र यादव ने मतदाताओं का जताया आभार

**दुर्ग, 5 जून ।** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने पर विधायक गजेंद्र यादव ने दुर्ग लोकसभा के समस्त मतदाताओं व कार्यकर्त्ताओ को शुभकामनायें दी है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन से छत्तीसगढ़ में चहुमुखी विकास हो रहा है इसी का परिणाम है की देश की उन्नति और तरक्की के लिए जनता ने फिर से भाजपा सरकार बनाने को लेकर भरोसा जताया और छत्तीसगढ़ में 10 लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशीयों ने प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज किये है। लोकसभा चुनाव के परिणाम में सबसे अधिक लगभग 75000 मतों दुर्ग शहर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी की जीत मिलने पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्त्ताओ बधाई दिए और विजय बघेल को पुनः सांसद के रूप सेवा का अवसर देने पर मतदाताओं का आभार जताये।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए पात्र-अपात्र सूची एवं प्रवेश पत्र जारी

**कोरबा, 5 जून ।** वर्ष 2024-25 में प्रदेश में संचालित शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश चयन परीक्षा की तिथि 09 जून रविवार को प्रातः 11 बजे से 02 बजे तक निर्धारित है। कोरबा जिले में चयन परीक्षा हेतु 74× फॉर्म प्राप्त हुए थे जिसमें 7×5 पात्र तथा 08 अपात्र पाए गए हैं। विद्यार्थी एकलव्य की वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्मासंअल.बह.दपब.पदध्'ैडैध्जनकमदज-।कउपेपवद-क्मजंपस कउपेपवद.क्मजंपस पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर की सहायता से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

एक नजर

## भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया 2 लाख 40 हजार से अधिक मतों से विजयी



**रायगढ़।** रायगढ़ संसदीय क्षेत्र 02 अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी से राधेश्याम राठिया को 8,08,275 मत प्राप्त हुए। वहीं इंडियन नेशनल कांग्रेस की डॉ.मेनका देवी सिंह को 5,67,884, बहुजन समाज पार्टी से इनोसेट कुजूर-बिडना उरांव को 15,600, हमर राज पार्टी से अल्बर्ट मिंज को 10,959, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से गुलेश्वर पैंकरा को 2626, सर्व आदि दल से बादल एक्का को 1728, गोड़वाना गणतंत्र पार्टी से मदन प्रसाद गोंड को 3015, निर्दलीय-अभय कुमार एक्का को 1825, निर्दलीय-उदय कुमार राठिया को 2129, निर्दलीय-गोवर्धन राठिया 4593, निर्दलीय-पूजा सिदार को 4167, निर्दलीय-प्रकाश कुमार उरांव को 7722, निर्दलीय-रूपनारायण एक्का को 7420 मत प्राप्त हुए तथा नोटा पर 15,022 मत पड़े।इस तरह भारतीय जनता पार्टी से राधेश्याम राठिया 2,40,391 मतों से विजयी हुए।

## कलेक्टर ने निर्वाचन में सहयोग करने पर सभी के प्रति आभार जताया

**मोहला, 5 जून** । कलेक्टर एस जयवर्धन ने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों, अ यार्थियों, निर्वाचन में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी, मतदान एवं मतगणना दिवस पर नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी, जिले के नागरिक गणों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों, जनस पर्क विभाग, महिला बाल विकास विभाग (डाक मत पत्र), आयकर विभाग, जिला एवं पुलिस प्रशासन, सुरक्षा में लगे जवानों, जिला बल, केंद्रीय पुलिस बल और आई टी बी पी के जवानों, परिवहन में लगे लोगों, संचार में सहयोग के लिए बी एस एन एल दूरसंचार कंपनी, समेत सभी निर्वाचन गतिविधियों में भाग लेने वाले समस्त विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने कहा कि सभी के सहयोग से जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न हो सका है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान सभी ने जिले की गरिमा को बनाये रखने में अपना योगदान दिया है। उन्होंने सभी के प्रति निर्वाचन कार्य को संपन्न करने के लिए दियें गये सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

## पुलिस ने 4 लोगों के वाहन लाइसेंस निलंबित किए

**कोरबा,** । पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मु य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध स त से सखूत कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपित्रत अधिकारी थाना/चौकी एवं यातायात के द्वारा लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही किया गया है। लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही करते हुए कुल ××4 लोगों पर किया गया जिसमें शराब पीकर वाहन चलाना- 142, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना- 118, ओवर स्पीड वाहन चलाना- 55, धारा ×04 भादवि के तहत- 16 और मालवाहक में सवारी बैठना शामिल है।कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मु य चौक चौराहा एवं भीडभाड वाले इलाकों में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया। लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं, ना ही शराब पीकर वाहन चलाऐ ।

### भाजपा ने गरियाबंद के प्रमुख चौराहे पर जश्न मना मिठाई बांटी

# भाजपा की जीत पर विधायक रोहित साहू कार्यकर्ताओं संग जमकर थिरके

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 5 जून।** महासमुंद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी गरियाबंद जिला के राजिम एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा से 47 हजार से अधिक मतों से विजय के बाद आज राजिम विधायक रोहित साहू एवं पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रमुख तिरंगा चौक पर जमकर आतिशबाजी करते हुए ढोल बाजे नगाँढो के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी । 26 जुन के चुनाव के बाद आज 4 मई को मतो की गिनती सुबह 8ः00 बजे से प्रारंभ हुआ जहां राजिम में 20 राउंड एवं बिन्दूनवागढ मे 22 राउंड की गिनती की गई प्रारंभिक राउंड में दोनों जगह कांग्रेस ने अपनी बढ़त बनाई किंतु तीसरे राउंड के बाद भाजपा ने अपना प्रभाव दिखलाना प्रारंभ किया और लगातार भाजपा के पक्ष में मत बढ़ते रहे और यह संख्या लगभग चार बजते बजते परिणाम के रूप में भाजपा की रूप कुमारी चौधरी ने राजिम विधानसभा में 21 हजार से अधिक मतो से बढत की तो वही बिंद्रानवागढ़ में 27 हजार से अधिक मत से विजय श्री हासिल की भाजपा के प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के पक्ष पूर्वानुमान के अनुरूप मोदी जी के चेहरे को देखते हुए जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में मतदान हुआ ठीक इसी तरह महासमुंद लोकसभा के बिंद्रा नवागढ़ एवं राजिम में भी भाजपा ने अच्छी खासी बढ़त बनाई। वैसे राजिम विधानसभा चुनाव में पूर्व में भी भाजपा ने बढ़त ली थी तो वहीं विधानसभा में हालांकि बिंद्रा नवागढ़ में भाजपा कांग्रेस से मात्र 800 वोटो से हार गई थी, किंतु बिंद्रा नवागढ़ को भाजपा का गढ़ कहा जाता है और वह इस बार लोकसभा मे देखने को भी मिला लगभग 27 हजार मतों से साँसद के रूप में भाजपा ने मत प्राप्त किया ।विजय घोषणा के पश्चात कार्यकर्ताओं ने रैली के रूप में गरियाबंद के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करने के उपरांत नगर के प्रमुख तिरंगा चौराहे पर पहुंच जमकर आतिशबाजी करते हुए ढोल नगाड़े की थाप पर विधायक राजिम रोहित साहू और उनके साथ भाजपा के कार्यकर्ताँ भी जम कर थिरकते नजर आए भी छिड़कते हुए नजर आए । इस अवसर पर रोहित साहू ने कहा यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत है कार्यकर्ताओं की जीत है साथ ही जो संकल्प महासमुंद क्षेत्र की जनता ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए की थी उसका भी परिणाम है कि लोगों ने महासमुंद लोकसभा में ग्रुप कुमारी चौधरी को अपना मूल्य मत दिया। 400 पर के प्रश्नन पर उन्होंने कहा ऐसा नहीं है उनका प्रमुख लक्ष्य मोदी को प्रधानमंत्री बनाना एवं रूप कुमारी को विजय बनाना था जो कि आप पूर्ण हो चुका है। उन्होंने आगे कहा छत्तीसगढ़ में 10 सीट प्राप्त कर चुके हैं 11 वाँ सिट की भी ऐसी संभावना है कि गिनते होते होते वह सीट भी अंत में उन भाजपा की झोली में आएगी ।

## कोरबा की जनता को निराश नहीं होने देंगे : महंत

कोरबा, 5 जून । कोरबा लोकसभा क्षेत्र से दूसरी बार भरोसा जताए जाने पर सांसद 'योत्सना चरणदास महंत ने लोकसभा क्षेत्र की जनता के प्रति बारंबार आभार व्यक्त किया है। कहा है कि जनता के आशीर्वाद के बिना यह कठिन लड़ाई जीतना संभव नहीं था, हमने मिलकर सब के सहयोग से कार्यकर्ताओं के बलबूते यह चुनाव जीता है,यह जीत समस्त कार्यकर्ताओं व कोरबा लोकसभा क्षेत्रवासियों को समर्पित है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत एवं सांसद ने कहा है कि कोरबा लोकसभा क्षेत्रवासियों का जो स्नेह और आशीर्वाद महंत परिवार को सदैव मिलता रहा है, उसके लिए महंत परिवार सदैव ऋणी रहेगा। सांसद 'योत्सना चरणदास महंत ने अपनी जीत का श्रेय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, बूथ के कार्यकर्ताओं की मेहनत को देते हुए कहा कि ये सभी कार्यकर्ता मेरी शक्ति बने। डॉ. चरणदास महंत और पूरे महंत परिवार को भी वे जीत का श्रेय देना चाहती हैं जो मेरी ताकत बने। यह जीत सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित है। सांसद ने कहा कि कोरबावासियों की आवाज कभी भी दबने नहीं दी जाएगी और देवतुल्य कोरबा लोकसभा क्षेत्र की जनता को हम निराश नहीं होने देंगे। दिल्ली में कोरबा लोकसभा की आवाज और भी मजबूत होकर उठाई जाएगी। डॉ. महंत एवं सांसद ने समस्त जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों, सदस्यों सभी कार्यकर्ताओं, बूथ पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सोशल मीडिया सेल, इंटक और कांग्रेस के सभी सहयोगी संगठनों एवं दलों के साथ-साथ पूरे चुनाव में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने वाले विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं शुभचिंतकों के प्रति भी अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है।कोरबा विधानसभा से कम वोट मिलने के सवाल पर कहा कि पिछले बार भी यहां से ×5 हजार माइनस था और इस बार 'यादा माइनस हुआ है। अब इसमें कहां कमी रह गई इसे देखा जाएगा लेकिन जिस तरह से मैने पांच साल कोरबा का ध्यान रखा, अगले पांच साल भी कोई कमी नहीं रहेगी।

## लीनेस क्लब सेवांजलि ने मनाया पर्यावरण दिवस



रायगढ़ / 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस का यह दिन वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग, मानविक स्वास्थ जनित समस्याएं और परिवर्तित मानसून चक्र हम सभी के लिए आत्म चिंतन का एक विषय है । रायगढ़ की सामाजिक संस्था लीनेस सेवांजलि ने पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी को लेकर प्रज्ञान भवन में एक परिचर्चा आयोजित करने के साथ साथ पर्यावरण के लिए अपना प्रत्यक्ष योगदान आयुर्वेदिक पौधों का रोपण कर किया द्य आज की परिचर्चा में सेवांजली क्लब की फाउंडर प्रेसिडेंट और एरिया एडवाइजर ली सुमिता पांडेय ने पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभाव के बारे में बताया और कहा कि चूंकि पर्यावरण को हम उत्पन्न नहीं कर सकते हैं, अतः इसकी उचित देख भाल और संरक्षण हम सभी की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है । भविष्य को ध्यान में रखते हुए हमें समान रूप से पर्यावरण के सभी क्षेत्रों में सुधार करना आवश्यक है । बच्चों में पर्यावरण जागरूकता के लिए पर्यावरण पोस्टर कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें सीनियर वर्ग में प्रथम गरिमा तिवारी, द्वितीय आयुष कुमार, तृतीय रिजवान अहमद और अंकुर देवांगन, आशीष बघेल को सांत्वना पुरस्कार से तथा जुनियर वर्ग से पीयूष प्रसाद को पुरस्कृत किया गया द्य आज के कार्यक्रम मे विशेष आमंत्रित अतिथि पर्यावरण प्रेमी डाक्टर इति शर्मा ने सभी बच्चों को पुरस्कृत किया ।तत्पश्चात बच्चों और सदस्यों ने मिलकर आयुर्वेदिक पौधों का रोपण किया द्य बच्चों ने अपने जन्मदिवस पर एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लिया द्य सेवांजली क्लब अध्यक्ष लीनेस रजनी मिश्रा ने पर्यावरण प्रेमी डाक्टर इति शर्मा को पर्यावरण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया । महिलाओं के लिए आयोजित पर्यावरण पर स्लोगन प्रतियोगिता में विजेताओं प्रियंका श्रीवास्तव और प्रतिभा सिंह को एरिया एडवाइजर ली सुमिता पांडेय जी द्वारा पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम के अंत में ली डॉ मंजरी गुरु ने पर्यावरण पर काव्य पाठ किया द्य आज का यह कार्यक्रम एरिया एडवाइजर ली सुमिता पांडेय के मार्गदर्शन और चेयर पर्सन ली प्रिया पांडेय के सहयोग से संपन्न हुआ है। सेवांजली के द्वारा आयोजित पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में, परिचर्चा और वृक्षारोपण कार्यक्रम मे विशेष रूप से संरक्षक ली सुषमा श्रीवास्तव,ली कावेरी शुक्ला, ली रीटा श्रीवास्तव, ली सुधा मिश्रा, ली राजश्री शुक्ला, ली निशात अली, ली सरोजिनी कुर्रे, ली सुनीता यादव शामिल हुए ।

## महासमुंद से रूपकुमारी चौधरी 145456 मतों से विजयी घोषित



महासमुंद 5 जून 2024/ लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी को रिटर्निंग ऑफिसर श्री प्रभात मलिक द्वारा सम्यक् रूप से निर्वाचित घोषित किया गया है। इस आशय का निर्वाचन प्रमाण पत्र 4 जून 2ाम को मतगणना पूरी होने के पश्चात श्रीमती रूपकुमारी चौधरी को सौंपा गया।

अंतिम परिणाम पत्रक के अनुसार निर्वाचन विवरणी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद अंतर्गत अभ्यर्थी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी भारतीय जनता पार्टी को 703659 मत एवं श्री ताम्रध्वज साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस को 558203 मत प्राप्त हुए है। इस तरह श्रीमती रूपकुमारी चौधरी 145456 मतों से विजयी घोषित किए गए। इसमें डाक मतपत्र की गणना शामिल है।महासमुंद संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कुल निर्वाचकों की संख्या 1762477 है। इसमें डाले गए विधिमान्य मतों की कुल संख्या 1322240 है। इनमें से कोई नहीं (नोटा) के लिए मतों की कुल संख्या 3840 व अस्वीकृत मत 361 प्राप्त हुए है। इस प्रकार कुल 1326441 मतदाताओं ने वोट दिए है। निविदत्त मतों की कुल संख्या 39 है।घोषित परिणाम के अनुसार अन्य अभ्यर्थी श्री गणेश राम ध्रुव को 6651 मत प्राप्त हुए। इसी तरह श्री चम्पालाल पटेल गुरूजी धरती पकड़ को 1379 मत, श्री नारद प्रसाद निषाद 899 मत, श्री नितेश कुमार रात्रे को 2373 मत, श्री फरीद कुरैशी 1077, डॉ. विरेन्द्र चौधरी 2099, श्री ईश्वर मारकंडे 957, श्री कालिया प्रसाद सेठ 1531, श्री महेश स्वर्ण 1486, श्री मुकेश कुमार अग्रवाल 3691, श्री रेखराम बाघ 7878, श्री सुखनंदन देशकर 3555, प्रोफेसर सुरेश साहू 11888 और श्री संतोष दारचंद बंजारे को 6054 कुल मत प्राप्त हुए।

## समाज के विकास के लिए बच्चों को शिक्षा देना जरूरी:सीएम साय

**रायपुर** । बालोद जिले के हीरापुर में आयोजित निषाद (केंवट) समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल होने मु यमंत्री विष्णु देव साय पहुंचे. इस दौरान सीएम साय ने समाज के विकास के लिए शिक्षा को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि किसी भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए समाज के ब'चों को शिक्षा की बहुत आवश्यकता होती है. इसलिए समाज के लोगों से आग्रह है कि अपने बेटे-बेटियों को खूब पढ़ाएं. हमारे विद्वानों ने कहा है शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है. मानव को अगर किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ना है तो शिक्षा बहुत ही जरूरी है।उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं है बल्कि समाजसेवा के लिए, अ'छी राजनीति के लिए, अ'छी खेती-बाड़ी के लिए, अ'छे व्यापार के लिए है. कोई भी क्षेत्र में अ'छा काम करना है तो शिक्षा बहुत जरूरी है. इसलिए समाज के लोगों से आग्रह है कि सब अपने बेटे-बेटी को स्कूल भेजें, अ'छी शिक्षा देंसमाज के विकास में नशाखोरी को बहुत बड़ा बाधक बताते हुए सीएम साय ने कहा कि आज युवा वर्ग नशाखोरी को ओर आगे बढ़ रहा है. जिसको आपको- हमको मिलकर रोकने की जरूरत है. नशाखोरी से घर में कलह होता, मारपीट जैसी घटनाएं होती है और कभी-कभी नशे के गिर त में आकर युवा जघन्य घटनाओं को भी अंजाम देते हैं. जो समाज के लिए हानिकारक है. उन्होंने समाज के लोगों से अपने-अपने ब'चों पर निगरानी रखने और उनकी गतिविधियों पर ध्यान रखने की बात कही.विष्णु देव साय ने कहा कि भगवान राम और निषादराज का गहरा रिश्ता है. छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है और ये माता कौशल्या की धरती है. इसलिए प्रभु राम हमारे भांजे हैं. उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के रामभक्तों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने की बात कही. निषाद समाज द्वारा आई मांग पर ष्ट्रूसाय ने कहा कि आचार संहिता के कारण अभी मांग को पूरा करने की घोषणा नहीं कर रहा हूं, लेकिन आप सभी का मांगपत्र मेरे पास है. मैं आश्वस्त करता हूँ कि आचार संहिता हटते ही सबको पूरा किया जाएगा. हमारी सरकार किसी को निराश नहीं करेगी।मु यमंत्री ने समाज के लोगों से कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से मुझे छत्तीसगढ़ के मु यमंत्री का दायित्व मिला है।

## अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सम्मेलन मध्य भारत के लिए है विशेष:पाटीदार





**रायगढ़, 5 जून।** ओपी जिंदल विश्वविद्यालय , रायगढ़ द्वारा ढ्ढश्वश्वश्व प्रायोजित स्मार्ट कंप्यूटिंग फॉर इन्नोवेशन एंड एडवांसमेंट इन इंडस्ट्री 4.0% विषय पर तीन-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सम्मेलन (ह्लक्रञ्जष्टह्रहृ 3.0) का आयोजन 5 जून से 7 जून 2024 के दौरान किया जायेगा, इंस्टीट्यूट ऑफ़ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (ढ्ढश्वश्वश्व) द्वारा प्रायोजित इस तृतीय अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सम्मेलन का आयोजन हाइब्रिड (फिजिकल एवं वर्चुअल दोनों ) माध्यम से किया जाएगा,सम्मेलन के संयोजक डॉ. भूपेश देवांगन ने बताया की उभरती हुई नई-नई डिजिटल टेक्नोलॉजीज तेजी से पूरे मूल्य श्रृंखला को बाधित कर रही हैं, और स्मार्ट कंप्यूटिंग फॉर इन्नोवेशन एंड एडवांसमेंट इन इंडस्ट्री 4.0% विषय को समर्पित यह कांफ्रेंस इसी दिशा में कार्य करने हेतु आयोजित की जा रही है,इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन का उद्देश्य दुनिया भर के उद्योग और शिक्षा के शोधकर्ताओं, शासकीय प्रतिनिधियों, उद्योगों और कॉर्पोरेट जगत से शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं तथा सभी स्टेकहोल्डर्स को एक साझा मंच प्रदान करना; और इंटेलिजेंट कंप्यूटिंग, संचार और नेटवर्किंग, नवीकरणीय ऊर्जा और आईओटी के बहुआयामी क्षेत्र में अपने-अपने शोध, निष्कर्ष और परिणामो को सभी के साथ साझा करने का अवसर प्रदान करना है, जिससे सतत विकास की सभी संभावनाओं की तलाश की जा सके,विश्वविद्यालय के कुलपति एवं सम्मेलन के चेयरमैन डॉ. आर. डी. पाटीदार ने कहा की स्मार्ट कंप्यूटिंग फॉर इन्नोवेशन एंड एडवांसमेंट इन इंडस्ट्री 4.0 विषय पर आधारित यह सम्मेलन सम्पूर्ण मध्य भारत में एक विशेष औद्योगिक सम्मेलन है, जिसमे इंटेलिजेंस सिस्टम, कंप्यूटर और संचार प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटर-डिसिप्लिनरी आदि के क्षेत्रों मे शोध एवं विकास से संबन्धित दुनिया भर के शिक्षाविद, शोधकर्ता, और अन्य सभी संबंधित एकत्रित होकर विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श एवं चिंतन कर सम्बंधित क्षेत्रों में सतत विकास हेतु सार्थक योजनाओं के निर्माण की पहल करने का प्रयास करेंगे,यह सम्मेलन ढ्ढश्वश्वश्व स्क्क अनुभाग द्वारा प्रायोजित है,इस वर्ष ह्लक्रञ्जष्टह्रहृ 3.0 के प्रति प्रतिभागियों का उत्साह अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गया है। इस सम्मलेन के लिए दुनिया भर से 1200 से अधिक शोध पेपर सारांश प्राप्त हुए है, यह उल्लेखनीय प्रतिक्रिया उद्योग 4.0 के भीतर प्रगति में स्मार्ट कंप्यूटिंग के बढ़ते महत्व को रेखांकित करती है। यूके, यूएसए, ईरान, इराक, यूएई, इंडोनेशिया, फिलीपींस और मलेशिया आदि विविध देशों से प्राप्त ये शोध पेपर सारांश सम्मेलन की अंतर्राष्ट्रीय अपील और प्रासंगिकता का अनुकरण करते हैं, इस सम्मेलन में विविध देशों से आये एवं स्वीकृत 200 से अधिक तकनीकी पेपर हाइब्रिड मोड में प्रस्तुत किए जाएंगे, इस तीन- दिवसीय सम्मेलन मे उदघाटन एवं समापन सत्रों के आलावा कीनोट, पैनल डिस्कशन-सत्र एवं तकनीकी-सत्र आयोजित किए जाएंगे,सम्मेलन का उद्घाटन 5 जून को जिंदल सेंटर, रायगढ़ के सभागार में माननीय श्री ओ पी चौधरी, वित्त मंत्री , छत्तीसगढ़ शासन, डॉ बंशीधर माझी (कुलपति- विएसएसयूटी , बुर्ला , ओड़िशा ), श्री पी. के. बीजू नायर (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, जेएसपी, रायगढ़ ), प्रो. जी. एस. तोमर (चेयरमैन-आई ई ई ई, एम. पी. सेक्सन ), डॉ राम बिलास पचौरी (प्रोफेसर आईआईटी, इंदौर) एवं डॉ आर. डी. पाटीदार (कुलपति ङ्क ओपी जिंदल विश्वविद्यालय , रायगढ़) एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियो की उपस्थिति में होगा,तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मलेन में देश-विदेश से शामिल विषय विशेषज्ञ एवं प्रमुख वक्ता अपने विचारों को प्रस्तुत करेंगे, आपको बता दें कि रायगढ़ के पुंजिपथरा स्थित ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की स्थापना 2014 में (राज्य बिल अधिनियम 13) देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक समूह ङ्क जिंदल ग्रुप द्वारा देश और विदेश के छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी,विश्वविद्यालय विश्वस्तर के पाठ्यक्रम, विश्वस्तरीय शिक्षक, आधुनिक शिक्षण विधियाँ, अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे और शिक्षार्थियों को एक जीवंत परिसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित यह विश्वविद्यालय इस्पात प्रौद्योगिकी और प्रबंधन का सबसे विशिष्ट और विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय बनने की ओर अग्रसर है, हाल ही में विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्याङ्कन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा ह्र्रष्ट ÷÷ ग्रेड प्रदान किया गया है, जो की विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं प्रशासनिक उत्कृष्टता को रेखांकित करता है।

## एक्सिस बैंक ने पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की रक्षा के लिए लोगों को किया संगठित




रायपुर, 5 जून । भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण को संरक्षित करने और वहनीयता को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत कई पहलों का आयोजन किया। लोगों के बीच पर्यावरण संबंधी चेतना और ज़िम्मेदारी की भावना पैदा करने के लिए, एक्सिस बैंक ने 'ओपन फॉर द प्लैनेट क्लीन-अ-थॉन' का आयोजन किया, जिसमें देश के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर सफाई अभियान; आवासीय कल्याण संघों (आरडब्ल्यूए), मॉल और क्लबों में जागरूकता कार्यक्रम और कर्मचारी से जुड़ाव संबंधी गतिविधियां शामिल रहीं।मुंबई, पुणे, वाराणसी, नई दिल्ली, गुवाहाटी, बेंगलुरु और हैदराबाद स्थित 23 सबसे अधिक लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर 5 से 12 जून, 2024 तक एक सप्ताह तक सफाई अभियान चलाया जाएगा। बैंक ने ऐतिहासिक स्मारकों और प्रमुख स्थलों जैसे बांद्रा कार्टर रोड, माहिम समुद्र तट, जापानी गार्डन, कलंगुट समुद्र तट, वाराणसी घाट, काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, फोर्ट कोच्चि आदि के संरक्षण, सुरक्षा और जीर्णोद्धार के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए गैर सरकारी संगठनों के साथ गठजोड़ किया है। इस अभियान में बैंक के कर्मचारी, ग्राहक, स्थानीय समुदाय, पर्यावरण कार्यकर्ता, स्थानीय अधिकारी और स्वयंसेवक भाग लेंगे। कार्यक्रम की पहुंच बढ़ाने के लिए, बैंक 18 आवासीय कल्याण संघों (आरडब्ल्यूए), 9 मॉल, 2 क्लब और 5 सिनेमा हॉल सहित 34 चुनिंदा स्थानों पर जागरूकता अभियान भी चलाएगा। इस गतिविधि के तहत प्रतिभागी सिम्युलेटेड एनवायरनमेंट में प्रतिष्ठित भारतीय स्मारकों की वर्चुअल सफाई के गेम में भाग ले सकेंगे।

## छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा : डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़,** । छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 9 जून 2024 को पीएटी, पीव्हीपीटी, बीएससी (कृषि), बीएससी(उद्यानिकी), पशुपालन में डिप्लोमा, मत्स्यि की विज्ञान में डिप्लोमा परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा मोबा.नं.77468-59×8× को नोडल अधिकारी एवं सहायक समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन भुवनेवर पटेल मोबा.नं.70000-81×11 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## विजय बघेल को दूसरी बार निर्वाचित होने पर दी बधाई

**दुर्ग।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से विजय बघेल को प्रचंड जीत की शुभकामनाएं देते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि एक एक कार्यकर्ताओ के सुख दुख का लेखा जोखा रख उनके लिए संकट मोचन का काम विजय भैया करते आ रहे हैं। कुशल नेतृत्व, आदर्श राजनीति में रम चुके।

# डबल इंजिन की सरकार करेगी राज्य का तेज विकास: किरण देव



**रायपुर 5 जून।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिले पूर्ण बहुमत को ऐतिहासिक जनादेश बताते हुए अपनी विजय को पूरी विनम्रता से शिरोधार्य करते हुए इसे भारत के 140 करोड़ देशवासियों की जीत बताया है। पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त कर विकसित भारत ङ्ग विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने और विश्व मंच पर भारत के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठित करने के लिए प्रदेश की जनता का हृदय से आभार मानकर बधाई दी है। केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्ता सम्हालने के लिए मिले जनादेश के दृष्टिगत राजधानी समेत पूरे प्रदेश में भाजपाजनों में उत्साह है। भाजपा की शानदार जीत पर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत जनता और प्रधानमंत्री श्री मोदी 10 वर्षों में किए गए काम और लिए गए क्रांतिकारी निर्णयों की जीत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर देश की जनता ने जो अपना विश्वास व्यक्त किया है, अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार उस विश्वास की कसौटी पर खरी उतरने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। श्री देव ने कहा कि ये नतीजे इस बात के प्रमाण हैं कि भारत और विशेषकर छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की एक सशक्त सरकार के के लिए अपना निर्णय व्यक्त किया है। ये नतीजे इस बात की तस्दीक भी कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के अपने उद्घोष में निहित सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ काम किया है आगे भी यह करती रहेगी।श्री देव ने कहा कि भाजपा-एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत के साथ जनता जनार्दन ने सत्ता सौंपी है और भाजपा जन-विश्वास की कसौटी पर खरी उतरेगी। देव ने छत्तीसगढ़ भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता-जनार्दन ने पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में जो स्वस्फूर्त मतदान किया है, उससे भाजपा का विश्वास फलीभूत हुआ है। देश की जो जनभावना प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ जुड़ी है, श्री मोदी के नेतृत्व पर जनता-जनार्दन का जो अटूट विश्वास स्थापित हुआ है, वह अभूतपूर्व है। श्री देव ने भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### गुम इंसान का पता लगाने में डोंगरगढ़ पुलिस को मिल रही लगातार सफलता

**राजनांदगांव 5 जून।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा अभियान चलाकर लगातार गुम इंसानों का पता तलाश कर दस्तयाब किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्र0- 65/2024 के युवती उम्र- 20 वर्ष जो दिनांक- 27.05.2024 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई थी जिसकी पता तलाश की जा रही थी जो गुमशुदा युवती अपने प्रेमी के साथ थाना हथबंद जिला बलौदाबाजार में उपस्थित होने पर थाना प्रभारी हथबंद के द्वारा थाना डोंगरगढ़ को सूचना देने पर गुमशुदा के परिजनों को थाना में तलब कर जरिये व्हास्ट्प के माध्यम से बात कराया गया जिस पर युवती अपने परिजन से बात कर अपने मर्जी से अपने प्रेमी के साथ आर्य सामाज रायपुर में शादी कर लेना व सुरक्षार्थ रहना बताई। जिस पर परिजन अपनी गुमशुदा लड़की से बात कराने व सुरक्षार्थ होने पर डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

### एयरटेल ने दुनिया के सबसे बड़े टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए योजना शुरू की

**रायपुर 5 जून।** भारती एयरटेल (एयरटेल), भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता, ने आज दुनिया के सबसे बड़े टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों के लिए विशेष पैक पेश किए। निर्बाध और निरंतर मैच देखने के अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए, एयरटेल अपने प्रीपेड, पोस्टपेड, इंटरनेशनल रोमिंग, होम ब्रॉडबैंड और एयरटेल डिजिटल टीवी उपयोगकर्ताओं के लिए भारत में दुनिया के सबसे बड़े टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के आधिकारिक स्ट्रीमिंग पार्टनर डिज्नी हॉटस्टार की तीन महीने की सदस्यता प्रदान कर रहा है।

### छत्तीसगढ़ में चुनाव परिणाम हमारे अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये है, बेहतर परिणाम की थी अपेक्षा:बैज

**रायपुर 5 जून।** लोकसभा चुनाव के परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 400 पार का दंभ



भरने वाली भाजपा और नरेंद्र मोदी अपने दम पर बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाये। 10 साल के तानाशाही और गैर प्रजातांत्रिक चरित्र वाली मोदी सरकार की विदाई देश की जनता ने सुनिश्चित कर दिया है। पूरा भरोसा है प्रजातांत्रिक मूल्यों को समर्पित तथा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा को प्रतिबद्ध समान विचारधारा वाले गैर भाजपाई दलों के साथ देश में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। देश का जनादेश नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ आया है। बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में चुनाव परिणाम हमारे अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये है। हमें बेहतर परिणाम की अपेक्षा थीं। राज्य में आये इस चुनाव परिणाम से निराश जरूर है, हताश नहीं। हमारे कार्यकर्ताओं, नेताओं ने बढ़िया लड़ाई लड़ी। आगे भी राज्य में मजबूत विपक्ष के रूप में हम जनसरोकारों के लिये संघर्ष जारी रखेंगे। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज को मजबूती से उठाने को प्रतिबद्ध है।

### दो दिवसीय अग्रवाल बैडमिंटन लीग 8 से

**रायपुर 5 जून।** अग्रवाल सभा की युवा इकाई अग्रवाल युवा मंडल के द्वारा 8 एवं 9 मई को बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन स्काई टी.एम.टी एवं आइ स्पोर्ट्स के सहयोग से आई स्पोर्ट्स एरेना दलदल सिवाननी मोवा में किया जा रहा है। विभिन्न वर्गो में होने वाली इस प्रतियोगिता में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल होंगे। प्रतियोगिता की समय सारिणी के लिए 5 जून खेल स्थल में ड्रॉ निकाला जाएगा। युवा मंडल अध्यक्ष राम अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल युवा मंडल विगत वर्षो से समाज के युवाओं को प्रेरित करने के लिए समय समय पर भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते आ है। इसी कड़ी में युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने एवं लोगों का खेल के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 8 व 9 मई को किया जा रहा है। युवा मंडल महामंत्री सी एस सौरभ अग्रवाल ने बताया कि आयोजन के लिए 4 सदस्यीय समिति का गठन किया है जिसमे मनोज अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, संदीप अग्रवाल एवं सिद्धार्थ तुलस्यान शामिल है। मीडिया प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया अभी तक करीब 200 खिलाडियों ने इस प्रतियोगिता के लिए अपना पंजीयन करवा लिया है, यह प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित की जा रही है जिसमें महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल होंगे।

### नियमित दवाइयां मिलने से टीबी के मरीजों को हो रहा है लाभ

**रायपुर 5 जून।** नई दिल्ली के सेंट्रल टी.बी. डिवीजन के द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसके अंतर्गत टी.बी. के मरीजों को उपचार हेतु दवाईयों की आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों को एक से डेढ़ माह के लिए दवाईयों की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में की गई है। जिलों से मांग अनुसार दवाइयाँ राज्य ड्रग स्टोर से आपूर्ति की जा रही है। शीघ्र ही सेन्ट्रल टी.बी. डिवीजन से दवाईयों का नया स्टॉक भी प्राप्त हो जावेगा। सेन्ट्रल टी.बी. डिवीजन द्वारा राज्य व जिलों के अधिकारियों के मदद के लिए हेल्पडेस्क बनाया गया है, जिस पर जारी हेल्पलाईन नम्बर पर कॉल कर दवा से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता या पूछताछ प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त टी.बी. मरीज या आम नागरिकों को दवा या उपचार से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई जानकारी लेनी हो तो निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते है।

# केन्द्रीय जेल रायपुर में कैदियों को सीसीटीवी इंस्टालेशन प्रशिक्षण दिया गया



**रायपुर 5 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी-रायपुर के माध्यम से केन्द्रीय जेल रायपुर में विचाराधीन एवं सजायाफ्ता कैदियों को कौशल विकास एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 13 दिवसीय इंस्टालेशन ऑफ सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म एवं स्मोक डिटेक्टर विषय पर 34 कैदी को प्रशिक्षण प्रदाय किया गया, जिसमें सीसीटीवी इंस्टालेशन की तकनीकी तथा उद्यमिता विकास के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदाय की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन संचालक श्रीमती नम्रता जैन की उपस्थिति में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर मिशन संचालक द्वारा प्रशिक्षार्थी कैदियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम संबंधी उनके अनुभव एवं प्रशिक्षण से लाभ के संबंध में जानकारी ली गई, साथ ही जेल में बंद कैदियों को और किन-किन तरह के ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदाय किया जा सकता है इत्यादि विषयों पर सुझाव मांगे गए। जिस पर कुछ प्रशिक्षार्थी कैदियों द्वारा जेल परिसर में सामान्यतः ग्रामीण जनजीवन को आधार बनाकर कृषि, पशुधन से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करने और बंदी कैदियों को बाहरी दुनिया में बेहतर अवसर प्रदान किए जाने की मांग की गई। कैदियों की क्षमताओं का सृजनात्मक उपयोग के लिए आगे भी जेल परिसर में विभिन्न प्रकार ट्रेड जैसे-कृषि कार्य, नर्सरी, सिलाई एवं बेकरी इत्यादि में मांग अनुरूप स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण करवाने हेतु मिशन संचालक महोदया द्वारा आश्वासन दिया गया। उक्त प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम के दौरान श्री अमित शांडिल्य केन्द्रीय जेल अधीक्षक रायपुर, श्री दीपक मिश्रा, उप आंचलिक प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर, श्री मनोज मिश्रा सहायक राज्य कार्यक्रम प्रबंधक-जॉब्स, एसआरएलएम स्टेट आरसेटी नोडल, श्री अरूण कुमार सोनी स्टेट कंट्रोलर ऑफ आरसेटी, श्री अशोक कुमार सिंह स्टेट डायरेक्टर ऑफ आरसेटी, श्री नवीन कुमार सिंग, निदेशक आरसेटी, श्री कौशल कुमार मिश्रा, सीनियर फेकल्टी आरसेटी रायपुर, श्री शशांक दीवान जेल शिक्षक, श्री चंदन साहू प्रशिक्षक एवं श्री दिलीप कुमार यदु एफएलसी उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड कप के मैच में सट्टेबाजी शुरू करोड़ो का लेनदेन, 6 सटोरिये गिरफ्तार

**कोरबा, 5 जून।** जिले की बालको थाना पुलिस ने वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा संचालित करने वाले 6 लोगों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से मोबाइल फोन,लैपटॉप,विभिन्न बेंकों के चेक,तथा विभिन्न बेंकों के एटीएम बरामद किया। साथ ही पुलिस को आरोपियों पास से मिले अलग अलग बैंक काउंट से करोड़ों रूपयों का लेनदेन मिला है। जिसे पुलिस ने होल्ड / फ्रिज करा दिया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ छ.ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 07,08 एव 66 (सी) आई.टी. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना एवं कोरबा पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी सायबर सेल को आई.पी.एल. क्रिकेट मैच 2024 के सीजन में वर्ड कप क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने / खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में थाना बालको के अपराध क्रमांक 286/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7,8 एवं 66 (सी) आई.टी. एक्ट के प्रकरण में एण्टी सायबर सेल तथा थाना बालको पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सूचना मिली कि जय प्रकाश सोनी निवासी गांधी चौकी कोरबा लोगों से ऑनलाइन वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच में सट्टे का दावा लगाने के लिए लोगों से पैसा लेकर उनके दाव लगवा रहा है। पुलिस टीम के द्वारा उक्त स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी जय प्रकाश सोनी पिता नथ्थुलाल सोनी उम्र 41 वर्ष साकिन गाधी चौक कोरबा थाना कोतवाली कोरबा को पकडा गया उसके कब्जे से मोबाइल फोन मिला आरोपी द्वारा अवैध रूप से मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन वर्ड कप क्रिकेट मैच में सट्टा खेलने एवं खिलाना मिला। उसके मोबाइल में कई बैंकों के खाते से पैसे का लेनदेन करते मिला आरोपी से इस संबंध में पूछा गया तो उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए वर्ड कप क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाना स्वीकार किया। साइबर सेल टीम के द्वारा आरोपी जय प्रकाश सोनी के बैंक खातों का बारीकी से अध्ययन किया गया जिस पर आरोपी के द्वारा कई अलग-अलग बैंक खातों में लगभग 5 करोड रुपए का ट्रांजैक्शन मिला। गिरफ्तार सटोरियों से पूछताछ एवं ऑर्गनाईजेशनल इनपुट में पाया गया कि उनके अन्य साथी चांपा में बैठकर कृष्णा बुक पैनल के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहे है।

# विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं के लिए प्रवेश परीक्षा 19 से

**रायपुर 5 जून।** विश्वविद्यालय अध्ययनशाला यानी यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट(यूटीडी) में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 19 से 21 जून तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन परीक्षाओं का शिड्यूल जारी कर दिया है। इस बार एमए, एमएससी के अलावा एमकाम में भी प्रवेश होंगे। इस तरह 38 विषयों के लिए आनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।जानकारी के मुताबिक यूटीडी में प्रवेश के लिए अप्रैल में आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई, जो अभी भी चल रही है। हर बार की तरह इस बार भी साइंस में प्रवेश के लिए स्पर्धा ज्यादा है। खासकर एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी फिजिक्स, एमएससी मैथ्स के लिए सीटों की तुलना में चार-पांच गुना आवेदन ज्यादा आए हैं। वहीं आर्ट्स के विषय जैसे, भाषा विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास समेत अन्य के लिए आवेदन कम हैं। विभिन्न कोर्स के लिए लगभग 15 सौ आवेदन आए हैं। विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा 50 नंबर की होगी। इसमें कुल 50 प्रश्न पूछे जाएंगे, सभी एक-एक नंबर के होंगे। परीक्षा की अवधि एक घंटे की होगी। निगेटिव मार्किंग का प्रावधान नहीं है। जानकारी के मुताबिक आनलाइन मोड में परीक्षा होगी। छात्र विवि के परीक्षा केंद्र में जाकर मोबाइल, टैबलेट या लैपटाप से आनलाइन परीक्षा देंगे। विवि से जारी शिड्यूल के अनुसार 19 जून को साइंस के 12 कोर्स के लिए एग्जाम होगा। 20 जून को 8 कोर्स जैसे, एमएससी, एमकाम के अलावा बीए.एलएलबी, बी.लिब व एम.लिब के लिए परीक्षा होगी। इसी तरह 21 को 18 कोर्स के लिए एंट्रेंस एग्जाम होगा, इसमें आर्ट्स के अलावा एमएड, बीपीएड और एमएससी आइटी शामिल। तीनों दिन दो पालियों में परीक्षा होगी। पहली पाली में दोपहर 1 से 2 बजे तक और दूसरी पाली में 3ः30 से 4ः30 तक परीक्षा होगी।

# गोदाम से सेन्ट्रींग प्लेट चोरी करने वालों को डोंगरगढ़ पुलिस ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 5 जून।** प्रार्थी अनिल कुमार गट्टानी पिता स्व0 प्रकाशचंद गट्टानी उम्र- 58 साल निवासी डोंगरगढ़ के गोदाम इंदिरा नगर, बीड़ी कालोनी के पास डोंगरगढ़ में स्थित है जिसके अन्दर पीछे भाग में लगभग 150 नग लोहे का सेन्ट्रिग प्लेट एवं 60 नग लोहे का पाईप, लोहे का चैन, एंगल के अलावा ठेकेदारी से जुड़े अन्य सामान किमती लगभग-120000/-रू0 को रखा हुआ था। प्रार्थी दिनांक-02.06.2024 को सुबह गोदाम गया तो देखा कि गोदाम में रखे सेन्ट्रींग सामन चोरी हो गया है। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र0- 316/2024 धारा- 457, 380, 411 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अज्ञात आरोपी के पता तलाश एवं विवेचना हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर तत्काल निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये अलग-अलग टीम बना कर घटना क्षेत्र के संदेहियों से पुछताछ कर एवं तकनिकी साक्ष्य की मदद से अज्ञात आरोपियों के पता तलाश में जुट गये। जिससे सेन्ट्रींग प्लेट चोरी करने वाले आरोपी 01. उज्जवल शेण्डे पिता सुनील शेण्डे उम्र- 24 साल निवासी डोंगरगढ़, 02. राजू मेश्राम पिता स्व0 दौलत मेश्राम उम्र- 35 साल निवासी डोंगरगढ, 03. सरताज हुसैन पिता स्व0 ईकबाल हुसैन उम्र- 24 साल साकिन अछोली थाना डोंगरगढ़ एवं 02 नाबालिग बालाकों को पकड़कर चोरी के सेन्ट्रींग प्लेट सामानों को जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर एवं अपचारी बालकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है एवं घटना के अन्य फरार आरोपियों का पता तलाश की जा रही है मिलने पर गिरफ्तारी कार्यवाही की जायेगी. उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा, सउनि एम कुरैशी, प्र0आर0- अखिल अम्बादे, आरक्षक प्रयंश सिंह, चन्द्रकांत सोनी, मनोज हरमुख, लीलाधर मण्डलोई का विशेष योगदान रहा है।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान में समीप के अंतर्गत वार्ता सत्र का आयोजन

# भारत की विदेश नीति पर विस्तार से की गई चर्चा



**रायपुर 5 जून।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में स्टूडेंट एंड मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स इंगेजमेंट प्रोग्राम (समीप) के अंतर्गत छात्रों के लिए वार्ता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के मुख्य अतिथि जीईसी-एनआईटी रायपुर के भूतपूर्व छात्र एवं विदेश मंत्रालय में लैटिन अमेरिका और कैरिबियन के एडिशनल सेक्रेटरी जी. वी. श्रीनिवास रहे। इस कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर डॉ. एन. वी. रमना राव, डीन (एकेडमिक्स) डॉ. श्रीश वर्मा, डीन (शोध एवम अधिष्ठाता) डॉ. प्रभात दीवान, फैकल्टी मेंबर्स, रिसर्च स्कॉलर्स और छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम के समन्वयक इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख डॉ. तोषन मीनपाल रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षाविदों को भारतीय विदेश नीति की प्रमुख विशेषताओं, उपलब्धियों और सफलता की कहानियों से उन्हें अवगत कराना था। डॉ. श्रीश वर्मा ने सभी का सत्र में स्वागत किया और अतिथिगण का परिचय करवाया। उन्होंने विदेश नीति और उसके प्रति जागरूकता के महत्व में बात की। डॉ. रमना राव ने विदेश मंत्रालय द्वारा छात्रों के लिए संचालित विभिन्न प्रोग्राम्स जैसे स्पार्क, ज्ञान, वज्र आदि के बारे में चर्चा की। इसके बाद श्री जी. वी. श्रीनिवास ने सभी को भारतीय संस्थान और विदेशी संस्थानों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने और उसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्रों के संदर्भ में विदेश मंत्रालय की नीतियों के बारे में चर्चा की और जीवन में अनुशासन के महत्व पर जोर डाला। उन्होंने सिंगापुर का उदाहरण देकर अनुशासन के महत्व को बताया। उन्होंने समझाया कि असली सफलता पहली बार में जीतने में नहीं है जबकि असली सफलता वह है जब आप असफल होने के बाद अपनी योग्यता के अनुसार जोखिम लेकर पुनः प्रयास करते है। उन्होंने बीते समय में दुनिया में हुई घटनाओं के बारे में बात की और उनमें भारत की भूमिका के विषय में चर्चा की। इसके बाद उन्होंने विदेश मंत्रालय में अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने जी 20 समिट की सफलता के बारे में बात की और भारत के संदर्भ में इसका महत्व समझाया। इसके अलावा उन्होंने भारत के बढ़ते विदेशी संबंधों, उपलब्धियों, विदेश मंत्रालय से जुड़ने के रास्तों, मंत्रालय के काम करने के तरीकों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी से हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र में उन्होंने छात्रों और फैकल्टी के विदेशी संस्थाओ के साथ काम करने संबंधी प्रश्नों का जवाब दिया और इससे संबंधित नीतियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। डॉ. तोषन मीनपाल ने सभी अतिथियों और आयोजन समिति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए सत्र का समापन किया।

## समाचार संक्षेप

### जीत की खुशी पर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री का मुंह मीठा किया



**रायपुर 5 जून।** छत्तीसगढ़ में भाजपा के बेहतरीन प्रदर्शन और एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने पर भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव समिति संयोजक श्री शिवरतन शर्मा, श्री राम प्रताप सिंह, श्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों एक - दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### मेहंदी, रंगोली. पेंटिंग, करसिव राइटिंग आदि का नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**भाटापारा 5 जून।** किरण इवेंट फ्यूजन के अरूण छाबड़ा बंटी व्दारा निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिसमें मेहंदी, रंगोली, पेटिंग, करसिव राईटिंग, डांस आदि का प्रशिक्षण, प्रशिक्षित शिक्षका के व्दारा, दिनांक 27 मई से 8 जून 2024 को 13 दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय किरण इवेंट फ्यूजन, पंचम दीवान नगर पालिका कन्या शाला भाटापारा में दिया जा रहा है जिसमे 302 बच्चो ने भाग लिया इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्मी की छुट्टी में बच्चों प्रतिभा और योग्यता को आगे बढ़ाने का प्रयास संस्थान द्वारा किया जाता है इन प्रशिक्षण शिविर अपनी सहभागिता प्रदान की जिसमें प्रमुख रूप अरूण बंटी छाबडा, सुधीर मिश्रा,, बलवंत छाबड़ा वीणा साहू, सीमा मल, मनीषा गट्टानी ,प्रकृति साहू, संस्कृति साहू, देवेन्द्र निषाद, गुलशन वर्मा निवेदिता वर्मा, जागेश्वरी साहू, रानी यादव ,केशनी जयसवाल ,पुजा देशमुख, नेहा वर्मा, संजना साहू, दीपिका पांजा ,पूर्वीश छाबड़ा, यशदीप छाबड़ा संस्था सदस्य आदि है।

### पर्यावरण दिवस पर पौधा वितरण किया



**रायपुर 5जून।** पर्यावरण दिवस पर पौधों को निशुल्क वितरण रायपुर इंडस्ट्रियल एरिया के कर्मा चौक उरला में मजदूर सेवा समिति द्वारा किया गया। समिति द्वारा प्रत्येक कारखाना प्रबंधन से निवदेन किया गया है कि अपने कारखाना में कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाएं जिससे रायपुर के आस पास हरियाली हो, पर्यावरण स्वच्द हो। रायपुर शहर के प्रदूषण को कम करने में सहयोग प्रदान करें। मजदूर सेवा समिति का यह कार्य प्राणी, मानव सेवा है। मजदूर स्वस्थ होगा तो मजदूर की कार्य क्षमता बढ़ेगी। इससे कारखाना का उत्पादन भी बढ़ेगा। कारखाना व पर्यावरण दोनों को लाभ मिलेगा। मजदूर सेवा समिति के अध्यक्ष अजय चकोले ने बताया कि इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण के विधायक मोती लाल साहू भी शिरकत करेंगे।


**कार्याल नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 359/ न.पा./रा.वि./2024 -25

तिल्दा नेवरा दिनांक 05/06/2024

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चन्द्रहास पाणिग्रही आत्मज स्व.श्री चोवाराम पाणिग्रही सासाहोली शंकर वार्ड क्र. 01 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री चोवाराम पाणिग्रही आत्मज झाडू मेहर (दानिया परसराम) वार्ड क्र. 01 तिल्दा नेवरा निवासी द्वारा मृत्यु पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 280/01 भूमि प्लाट नं. शीट नं. खसरा का भाग रकबा 3306 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 05-06-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।.

मुहर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा

**कार्याल नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 361/ न.पा./रा.वि./2024 -25

तिल्दा नेवरा दिनांक 05/06/2024

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदीका श्रीमती मंजुषा ध्रुव पति स्व.श्री संतकुमार ध्रुव सासाहोली शंकर वार्ड क्र. 18 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का स्व.श्री संतकुमार ध्रुव आत्मज श्री सुकलाल ध्रुव वार्ड क्र. 18 तिल्दा नेवरा निवासी द्वारा मृत्यु पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 353/18 भूमि श्री कान्हा डिलक्स प्लाट नं. 15 शीट खसरा नं. का भाग रकबा 1575 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार / विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 05.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा

## एक नजर

### 2 शातिर चोर गिरफ्तार

**रायपुर, 5 जून।** राजधानी रायपुर में एयर ट्रैफिक कंट्रोल के डीजीएम के सूने घर में हुई चोरी का पुलिस ने महज 24 घंटे में पर्दाफाश कर दिया. पुलिस ने इस चोरी को अंजाम देने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने चोरों के पास से चोरी किया गया 30 तोला सोना भी बरामद कर लिया है. चोरी गए सोने की कीमत 18 लाख रुपये है. आपको बता दें कि चोरों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल के डीजीएम के सूने घर को निशाना बनाया. रायपुर पुलिस ने चोरी का पर्दाफाश करते हुए बताया कि चोरों ने अलमारी में रखा 40 तोला सोना चुरा लिया है.

### अशोका बिरयानी के संचालक की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने रखा सुरक्षित

**रायपुर, 5 जून ।** रायपुर स्थित अशोका बिरयानी सेंटर के संचालक कृष्णकांत तिवारी और मैनेजर रोहित चंद ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। सोमवार को इस मामले में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की कोर्ट ने सुनवाई हुई। रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र के रायपुर महासमुंद हाईवे पर स्थित अशोका बिरयानी होटल है। 18 अप्रैल को होटल के गटर की सफाई के लिए होटल मालिक ने नगर निगम की गाड़ी को ना बुलाकर अपने ही कर्मचारियों को काम पर लगा दिया था। गटर की सफाई करते वक्त डेविड साहू और नील कुमार पटेल बेहोश हो गए। दोनों को अस्पताल पहुंचाए जाने पर डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद मृतक डेविड साहू और नील कुमार पटेल के स्वजन ने होटल परिसर के बाहर खूब हंगामा किया था। जानकारी मिलने पर गृह मंत्री विजय शर्मा मौके पर पहुंचे थे। उनकी मौजूदगी में होटल मालिक की ओर से दोनों मृतकों के स्वजन को आर्थिक मदद देने की बात कही थी।

### 15 टीचरों को मिला कारण बताओ नोटिस

**रायपुर, 5 जून ।** शिक्षा विभाग की नाफरमानी शिक्षकों को महंगी पड़ी है। विभाग ने 15 शिक्षकों को जारी कर जवाब तलब किया है। दरअसल शिक्षा विभाग की तरफसे 2 जून से छह जून तक हर दिन दो घंटे का आनलाइन प्रशिक्षण लेना था, लेकिन शिक्षकों ने ट्रेनिंग नहीं ली। 2 जून को अनुपस्थित रहने के बाद अनुपस्थित शिक्षकों को 3 जून को ट्रेनिंग लेनी थी, लेकिन शिक्षकों ने ट्रेनिंग नहीं ली, जिसके बाद 15 शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है।

# भाजपा ने लोस चुनाव में दर्ज की ऐतिहासिक जीत: विष्णुदेव साय



**रायपुर, 5 जून।** लोकसभा चुनाव के परिणाम जारी होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा के पक्ष में परिणाम आने पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज का ये दिन हमारे देश और प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन है।

मतगणना जारी है और देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एनडीए को अपना आशीर्वाद दिया है, जिसके लिए मैं सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को कुल मिलाकर जितनी सीटें मिल रही है उससे ज्यादा अकेले भारतीय जनता पार्टी को मिली हैं और छत्तीसगढ़ में भी हम ऐतिहासिक जीत दर्ज कर रहे हैं। साय ने कहा कि 100 दिन में हमारी सरकार ने जो काम किया है उस पर छत्तीसगढ़ की जनता ने भरोसा जताया उसके लिए हम समस्त जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। हमारे लाखों कार्यकर्ता भाई-बहनों ने जो मेहनत की है उसकी बदौलत ही हम इस बहुमत को प्राप्त कर सके हैं। इसके लिए उन्होंने सभी देवतुल्य कार्यकर्ता भाई-बहनों का आभार व्यक्त किया। सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और हमारे सभी शीर्ष नेतृत्व का आशीर्वाद हम सबको मिला, जिसके परिणामस्वरूप हम छत्तीसगढ़ की 11 में से 10 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में हम चुनाव लड़े और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नबीन सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में हमने इतनी बड़ी जीत दर्ज की उसके लिए उन्हें भी बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। विष्णु देव साय ने कहा कि विधानसभा में हमने 54 सीट पर जीत दर्ज कराई और लोकसभा में भी 11 में से 10 सीट जीत हम रहे हैं। जनता ने हमें जनादेश दिया है उसपर खरा उतरना है। मोदी की गारंटी जिस पर हम काफी काम कर चुके हैं उससे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ना है।

### मोबाइल लूटने वाले चार गिरफ्तार

**रायपुर, 5 जून।** प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी सिविल लाईन के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा भविक नायक, रोहित हरपाल एवं 01 अपचारी बालक को घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल यामहा वाहन के साथ पकड़कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी/अपचारी बालक द्वारा लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर शहर के अलग अलग स्थानों से रात में अंधेरे एवं सूनसान स्थानों का फायदा उठाकर कुल 05 नग मोबाईल फोन को अम्बुजा मॉल, मैग्नेटो मॉल, घड़ी चौक, शंकरनगर एवं दलदल सिवनी मोवा के आसपास से लूट करना बताया गया और लूटे गये।

# भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत है: पुरन्दर



**रायपुर 5 जून।** राजधानी रायपुर उत्तर विधानसभा से विधायक भाजपा के कद्दावर नेता पुरन्दर मिश्रा ने मीडियाकर्मियों से संवाद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जीत कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत है। इस भीषण गर्मी में जहां लोग अपने घर से निकल नहीं पा रहे, वहां हमारे पार्टी के कार्यकर्ता दिन रात मेहनत करके भाजपा के घोषणा पत्र और मोदी की गारंटी को घरों ङ्क घर जा कर लोगों को अवगत कराया।

यही कारण है कि आज प्रदेश मे लोकसभा की 11 सीटों में से 10 सीटों पर जनता ने हमे आशीर्वाद दिया है। जबसे प्रदेश मे विष्णु देव की सरकार बनी है हमने कम समय रहते हुए भी अपने आधे से जादा वायदे पूरे किए है जिसका परिणाम आप सभी के सामने है। आगे विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि आज रायपुर लोकसभा प्रदेश की सबसे हॉट मानी जा रही थी जिसका परिणाम भी हमारे नारे के मुताबिक ही आया। जनता के आशीर्वाद से बृजमोहन अग्रवाल ने रिकॉर्ड बनाते हुए 5 लाख से अधिक मतों से जीत कर प्रदेश का गौरव बढ़ाने का काम किया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश की महान जनता, पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में डबल इंजन की नयी सरकार और अधिक तत्परता के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का स्वप्न साकार करने जी जान से जुटेगी। यह जनादेश हमे और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए उत्साहित करेगा।

### मुख्यमंत्री साय ने सपरिवार अपने निवास में रोपे नीम, रुद्राक्ष और चीकू के पौधे

**रायपुर 5 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आज अपनी धर्मपत्नी कौशल्या साय एवं परिवार जनों के साथ अपने निवास परिसर में चीकू, नीम और रुद्राक्ष का पौधा रोपा. इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों से अपने घरों में और आस-पास पौधा लगाने और पौधों को जीवित रखने की जिम्मेदारी लेने की अपील की. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आने वाले मानसून में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें और अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव और शहरों और जंगलों को खूब हरा-भरा बनाएं. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है. इस अवसर पर डीएफओ लोकनाथ पटेल, एसडीओ व्हीएन मुखर्जी एवं मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे।



### बीए अंतिम वर्ष का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी

**रायपुर, 5 जून।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (पीआरएसयू) ने बीए अंतिम वर्ष का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें 54.51 फीसदी छात्र पास हुए हैं. परीक्षा में 15,011 अभ्यर्थी शामिल हुए। जिसमें 8183 उत्तीर्ण, 3706 अनुत्तीर्ण हुए। 2872 विद्यार्थियों ने पूरक के लिए अर्हता प्राप्त की है। 250 अभ्यर्थियों का रिजल्ट रोक दिया गया है जबकि 126 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 2730 अभ्यर्थी प्रथम श्रेणी से, 5428 अभ्यर्थी द्वितीय श्रेणी से तथा 25 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। परीक्षा से असंतुष्ट विद्यार्थी 15 दिन के भीतर पुनर्गणना एवं मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) में आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा 19 से 21 जून तक आयोजित की जाएगी। यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया गया है. इस बार एमए, एमएससी के अलावा एमकॉम में भी प्रवेश होंगे। इस प्रकार 38 विषयों के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। हर बार की तरह इस बार भी साइंस में एडमिशन के लिए कॉम्पिटिशन ज्यादा है। खासकर एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी फिजिक्स, एमएससी मैथ्स की सीटों से चार-पांच गुना ज्यादा आवेदन आए हैं। वहीं, भाषा विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास और अन्य कला विषयों के लिए आवेदन कम हैं।


### देर रात राजधानी रायपुर में हुई हल्की बारिश

**रायपुर, 5 जून।** राजधानी रायपुर समेत कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ देर रात जमकर बारिश हुई। अचानक हुई इस बारिश से तापमान में कमी आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इसके साथ ही आज यानी बुधवार सुबह भी प्रदेश के कई इलाकों में बादल छाए हुए हैं और तेज हवाएं चल रही है। तेज हवा चलने के कारण मौसम खुशनुमा बना हुआ है। वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ स्थानों पर तेज अंधड़ के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। बता दें कि मौसम विभाग के मुताबिक आज रायपुर, बलौदा बाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, पेंड्रा, बिलासपुर, रायगढ़, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर में अंधड़ के साथ हल्की बारिश के आसार हैं।










कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26